## न्यूज ब्रीफ

### रामगंगा में उतराता मिला युवक का शव

**सैफनी,अमृत विचार :** क्षेत्र के मझरा घाट गांव में बह रही राम गंगा नदी में शुक्रवार को अज्ञात युवक का शव उतराता मिला। शव मिलने की सूचना पुलिस को चोकीदार ने दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हलका इंचार्ज एसआई धुरेंद्र सिंह के अनुसार शव 8 से 10 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक नीली जींस की पेंट और ग्रे कलर की चेक की शर्ट पहने है। जिसकी उम्र करीब 18 वर्ष बताई गई है। शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। लेकिन रात तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

### दो ट्रैक्टर से दो बैटरे चोरी, तहरीर दी

**स्वार, अमृत विचार :** चोर धर्मकांटे पर खड़े दो ट्रैक्टर से दो बैटरे चोरी कर ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली के गांव मिलकाजी निवासी ताहिर अली का गांव समोदिया के अड्डे पर टीआर ब्रदर्स के नाम से धर्मकाटा है। धर्म कांटे पर उसके दो ट्रैक्टर खड़े थे। बुधवार की रात किसी समय चोर धर्म कांटे पर खड़े दो ट्रेक्टरों से दो बैटरे चोरी कर ले गए। गुरुवार की सुबह ट्रेक्टर स्वामी ने जाकर देखा तो ट्रेक्टरों से बैटरे गायब थे। ट्रेक्टर स्वामी अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### करियर में ईमानदारी को दें प्राथमिकता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा विद्यार्थियों के व्यावसायिक विकास को ध्यान में रखते हुए बैंकिंग उद्योग में कार्य नैतिकता एवं ग्राहक संतुष्टि विषय पर विशेष अतिथि व्याख्यान का हुआ। इसमें आईएसटीडी चैप्टर तथा टीएमयू एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल का सहयोग रहा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक,की मुख्य प्रबंधक भारती भटनागर रहीं। उन्होंने कहा कि बैंकिंग उद्योग में ग्राहक संतुष्टि ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। बताया कि सकारात्मक व्यवहार, प्रभावी संवाद, पारदर्शिता और त्वरित समाधान से ग्राहक का विश्वास कैसे अर्जित किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपने करियर में नैतिकता व ईमानदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। टिमिट कॉलेज के डीन प्रोफेसर डॉ. विपिन जैन समेत कई लोग मौजूद रहे।

# मां की डांट से नाराज छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **रेलवे की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी शीतल**

**अमृत विचार :** पाकबड़ा थाना क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही एक छात्रा ने मां की डांट से क्षुब्ध होकर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। छात्रा का शव हकीमपुर रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी।

थाना छजलैट क्षेत्र के गांव नजराना निवासी इमरत सिंह की तीन वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। परिवार में पत्नी सावित्री के अलावा चार बेटियां और बेटा हैं। परिजनों के अनुसार गुरुवार सुबह शीतल का किसी बात को लेकर मां से विवाद हो गया, जिस पर मां ने उसे डांट दिया। वह दोपहर करीब दो बजे लाइब्रेरी जाने की बात कहकर निकली, लेकिन लौटी नहीं। देर रात करीब दो बजे हकीमपुर रेलवे ट्रैक पर एक युवती का शव पड़े होने की सूचना पाकबड़ा पुलिस को मिली। पुलिस ने शव की पहचान शीतल के रूप में कर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। शीतल सबसे छोटी थी। उसने बीएससी कर लिया था। रेलवे की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी।

## आवारा कुत्तों को खाना खिलाने के लिए नगर निगम ने 4 स्थानों पर बनाए फीडिंग सेंटर

# अब कुत्तों को सड़कों पर नहीं खिला सकेंगे निवाला, पड़ेगा भारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **अन्य जगहों पर कुत्तों को खाना खिलाने पर होगी कार्रवाई**
- **नसबंदी प्रक्रिया में तेजी लाने के नगर आयुक्त ने दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** गली मोहल्ले में घूम रहे आवारा कुत्तों को खुले में निवाला खिलाना भारी पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद निगम प्रशासन ने उनके लिए 4 स्थानों पर फीडिंग सेंटर बनाया है। भोजन या अन्य कोई खाद्य सामग्री देनी हो तो तय स्थान पर ही जाकर दे सकेंगे।

इसके अलावा निगम प्रशासन अब कुत्तों के बंध्याकरण पर भी तेजी लाएगा। महानगर के कमोवेश हर कॉलोनियों व सड़कों पर खुले में आवारा कुत्ते दिन-रात विचरण करते रहते हैं। जो आने जाने वालों के लिए मुश्किलें खड़ी करते हैं।

अक्सर नागरिकों पर हमला कर उन्हें जख्मी कर देते हैं। कुत्तों के काटने से पीड़ित जिला अस्पताल में एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए हर दिन पहुंच रहे हैं। कुत्तों के काटने से बड़ों व बच्चों की जान जोखिम में पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों की जवाबदेही तय करने का आदेश दिया है। ऐसा



होने पर पीड़ित का इलाज कराने की जिम्मेदारी भी राज्य सरकारों पर होगी। इसे देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने गली मोहल्लों व सार्वजनिक स्थानों पर भोजन के लालच में आवारा कुत्तों के विचरण करने पर अंकुश लगाने के लिए महानगर के चार स्थानों कटघर में 2 जगहों और मझोला क्षेत्र के रामलीला मैदान और सदर तहसील के पास हिमगिरि पर फीडिंग सेंटर खोला गया है। इन फीडिंग सेंटरों पर नगर निगम के संबंधित अनुभाग के कर्मचारी कुत्तों को समय समय पर भोजन देंगे। जिससे उनका पेट भरे और वह लोगों पर हमला न करें।

### निर्धारित स्थान पर खाने की सामग्री देने की अपील

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उन्हें निगम की ओर से नियमानुसार उन्हें पकड़कर बंध्याकरण कर उनकी आबादी पर नियंत्रण कराने का प्रयास रहता है। अब इन फीडिंग सेंटरों के माध्यम से कुत्तों को निगम की ओर से भोजन भी दिया जाएगा। नागरिकों से अपील है कि वह सड़कों पर भोजन या अन्य खाद्य पदार्थ न दें, जिससे वह इन जगहों से हटेंगे और लोग सुरक्षित रह सकेंगे। इसकी अवहेलना पर निगम कार्रवाई भी करेगा। लोगों से अपील है कि वह निर्धारित स्थान पर लाकर ही कुत्तों को खाने की सामग्री दें।

# सड़क पार करते किशोर को कार ने रौंदा, मौत

## शाहबाद-बिलारी रोड पर शादी में शामिल होने जा रहा था राहुल

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** शादी में शामिल होने जा रहे किशोर को सड़क पार करते समय कार ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। हादसे के बाद कर चालक मौके से फरार हो गया। बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।



मृतक राहुल।

थाना क्षेत्र के सारी इमाम गांव निवासी केदार का पुत्र राहुल (13) साढ़े 12 के समय शाहबाद-बिलारी रोड पर चल रहे शादी के कार्यक्रम में जा रहा था। लोगों ने बताया कि वह जैसे ही सड़क पार कर रहा था। तभी अचानक शाहबाद की ओर से तेज रफ्तार आ रही ईको कार ने उसे अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा इतनी तेजी से हुआ कि मासूम को संभलने का मौका ही नहीं मिला। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। कार चालक मौका पाकर कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने कार्रवाई कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात कर चालक की तलाश कर रही है।



रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

### पांच भाई बहनों में सबसे छोटा था राहुल

चाची कमला ने बताया कि केदार मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनके चार बड़ा पुत्र राम सिंह, प्रमोद, किशनवीर छोटा भाई राहुल था व इनकी एक बहन नंदिनी है। मां के साथ इन सभी भाई बहनों का भी रो-रो कर बुरा हाल है। गरीबों के चलते गांव के सभी लोग उनके परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं।

## सफाई मित्रों व कर्मियों को मिलेगा 30 लाख तक दुर्घटना बीमा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल की पहल पर नगर निगम प्रशासन ने निगम के सफाई मित्रों और कर्मचारियों के हित में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा सिविल लाइंस के सहयोग से कर्मचारियों के सैलरी खाते खोले गए हैं। जिसके माध्यम से उन्हें उन्हें सुरक्षा के साथ ही उन्नत बैंकिंग सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

इस योजना में नगर निगम के ऐसे कर्मचारी, जिनका मासिक वेतन 10,000 से 25,000 के मध्य है, उन्हें खाता खोलने मात्र से ही 30 लाख तक का दुर्घटना बीमा का लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा एटीएम कार्ड की सुविधा लेने पर बैंक द्वारा 10 लाख का अतिरिक्त दुर्घटना बीमा भी उपलब्ध कराया जाएगा। इन खातों पर सभी प्रकार के बैंकिंग चार्ज पूरी तरह निःशुल्क रहेंगे। खाताधारकों को किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान नहीं करना होगा। साथ ही कर्मचारियों को बैंक ऋण (लोन) की सुविधा में विशेष छूट भी मिलेगी। सिविल लाइन स्थित नगर निगम परिसर में कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

# डंपर ने कारों को मारी टक्कर, तीन वाहन क्षतिग्रस्त



टक्कर लगने के बाद खड़ी क्षतिग्रस्त गाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- **आशियाना कॉलोनी स्थित शादी हॉल के बाहर खड़ी थी गाड़ियां मची अफरा-तफरी**

**अमृत विचार :** आशियाना कॉलोनी स्थित एक शादी हॉल में शादी समारोह के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खनन की मिट्टी ढो रहे एक डंपर ने बैंक्वेट हाल के बाहर खड़ी तीन गाड़ियों में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि एक वाहन में बैठे लोगों को हल्की चोटें आईं। गनीमत रही कि कोई बड़ा जानलेवा हादसा नहीं हुआ।

गुरुवार की रात आशियाना कॉलोनी स्थित बैंक्वेट हाल में विवाह समारोह का आयोजन चल रहा था और मेहमान शादी में शामिल थे। मेहमानों की कारें बाहर सड़क पर खड़ी थीं। रात 11 बजे मऊ की ओर से मिट्टी से डंपर अनियंत्रित गति से आ रहा था जिसने बाहर खड़ी गाड़ियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के समय एक गाड़ी में लोग बैठे हुए थे, जिन्हें हल्की-फुल्की चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को डंपर सहित मौके से हिरासत में ले लिया। हालांकि, क्षतिग्रस्त गाड़ियों के स्वामियों द्वारा पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई, जिस कारण आगे की कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकी। पुलिस ने मामले की जांच कर स्थिति को नियंत्रित किया।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत फरवरी तक चलेगा अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान अब फरवरी तक चलेंगे। यह निर्णय मुख्य सचिव द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा अपर मुख्य सचिव, परिवहन विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा के बाद लिया गया है।

शुक्रवार को एआरटीओ प्रवर्तन आनंद निर्मल ने बताया कि यात्री/मालकर अधिकारी नरेन्द्र सिंह छावडा एवं उनकी टीम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर, लाकड़ी चौराहा, चौधरी चरण सिंह चौक सहित विभिन्न स्थानों पर प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 22, गलत दिशा में वाहन चलाने पर एक, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग पर चार, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाने पर तीन, बिना सीट बेल्ट लगाए चारपहिया वाहन चलाने पर 15, ओवरलोडिंग के दो तथा बिना परमिट वाहन चलाने पर एक वाहन का चालान किया। एआरटीओ (प्रवर्तन) आनंद निर्मल एवं उनकी टीम ने एआरएम मुरादाबाद डिपो राजवती के साथ संयुक्त अभियान चलाकर डग्गामार बसों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। 20 डग्गामार बसों की जांच में दो बसों का चालान किया गया।

# पेपर मिल से निकल रहे रसायनयुक्त प्रदूषित पानी से फसल हो रही खराब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कांठ रोड पर अगवानपुर के समीप स्थित पेपर मिल द्वारा प्रदूषित रसायनयुक्त गंदा पानी किसानों के खेतों में प्रवाहित करने से फसल खराब हो रही है। किसानों ने फसलों की सुरक्षा की गुहार वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री से की है। साथ ही क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी को भी पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

पांच फरवरी को क्षेत्रीय जयवीर सिंह, प्रदीप गुप्ता, संजीव गुप्ता सहित अन्य किसानों ने मामले में शिकायती पत्र प्रदेश सरकार में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार को दिया है। इसके माध्यम से बताया कि पेपर मिल से निकला हानिकारक रसायनयुक्त प्रदूषित गंदा पानी उनके खेतों में बहाया जाता है



पेपर मिल से निकले रसायनयुक्त प्रदूषित पानी से खराब हुई फसल। ● अमृत विचार

- **प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री से की गई शिकायत**

जिससे फसल खराब हो रही है। पत्र लिखकर जानकारी देकर इस पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण को भी पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

ज़िला पर्यावरण एवं गंगा समिति उत्तर प्रदेश के नामित सदस्य एडवोकेट प्रदीप सक्सेना ने कहा कि इसके संबंध में वह भी अधिकारियों से मिल चुके हैं। साथ ही प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री से भी बात कर प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। जिससे किसानों के खेत व फसल सुरक्षित रह सकें।

## पंचायत भवन में बने आधार कार्ड

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में आधार कार्ड बनवाने में आ रही समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने आवाज उठाई है। शुक्रवार को यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ नो सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधार कार्ड बनाने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण किसानों, मजदूरों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए भाकियू टिकैत मंडलायुक्त को ज्ञापन देगी।

ज्ञापन में मांग की जाएगी कि ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों में आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था की जाए, जिससे लोगों को शहरों के चक्कर न लगाने पड़ें। चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कोई ठोस व्यवस्था नहीं की, तो संगठन को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। यदि उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जाएगा तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन करेगी।

# नाम हटाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतें अफसर

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में मतदाता सूची से नाम काटे जाने से जुड़े फॉर्म-7 प्रकरण को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को डीएम अनुज सिंह से मुलाकात की। उन्हें ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने मतदाता सूची में नाम हटाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और सख्ती बरतने की अपील की।

सपा के प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांठ विधायक कमाल अख्तर ने बताया कि पार्टी की ओर से प्रशासन के समक्ष फॉर्म-7 से जुड़ी शिकायतें और आशंका रखी गई हैं। बिना उचित सत्यापन के मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर विषय है। कमाल अख्तर ने बताया कि जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि इस मुद्दे



डीएम अनुज सिंह को ज्ञापन देता सपा का प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

- **फॉर्म-7 विवाद को लेकर सपाइयों ने डीएम से की मुलाकात, जल्द होगी सर्वदलीय बैठक**

को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही सभी राजनीतिक दलों की सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें सभी पक्षों की बात सुनी जाएगी और निष्पक्ष निर्णय लिया जाएगा। सपा प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि किसी भी मतदाता का नाम सूची से हटाने से पहले नियमानुसार ठोस सत्यापन और पूरी प्रक्रिया अपनाई जाए, जिससे पात्र मतदाताओं के अधिकार सुरक्षित रह सकें। प्रशासन की ओर से संज्ञान लेने और सभी पक्षों से चर्चा कर आगे आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह, पूर्व सांसद डॉ एसटी हसन, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, ठाकुरद्वारा विधायक मोहम्मद जान, मुरादाबाद ग्रामीण विधायक नासिर कुरैशी और कुंदरकी के पूर्व विधायक हाजी रिजवान आदि शामिल रहे।

### 96,000 लोगों ने भरे फार्म छह, तारीख बढ़ने से राहत

शुक्रवार को बीएलओ के पास फार्म छह भरकर मतदाता बनने के लिए दावा करने की आखिरी तारीख के चलते बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शुक्रवार की शाम तक कुल 96,000 लोगों ने फार्म छह भरकर जमा किया। हालांकि कई राजनीतिक दलों ने मनमानी का आरोप भी लगाते हुए कहा कि जान बूझकर कुछ वर्ग के लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। जिसे लेकर सपा के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम अनुज सिंह को ज्ञापन दिया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन-उप जिला निर्वाचन अधिकारी संगीता गौतम ने बताया कि तारीख बढ़ाकर 6 मार्च कर दी गई है। शुक्रवार की शाम तक 96,000 लोगों ने फार्म छह भरकर दिया है। जबकि 7000 ने फार्म सात और 45,000 लोगों ने फार्म 8 भरा है।

## इग्नू में प्रवेश की तिथि बढ़ी, अब 15 फरवरी तक करें आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र के अंतर्गत संचालित ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) एवं ऑनलाइन कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 15 फरवरी 2026 तक विभिन्न पाठ्यक्रमों में आवेदन कर सकते हैं।

शुक्रवार को हिन्दू कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर आनंद सिंह ने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र नोएडा के अंतर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र स्तर के अनेक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। यह अवसर विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है जो किसी कारणवश पूर्व निर्धारित तिथि तक आवेदन नहीं कर पाए थे। प्रवेश से जुड़ी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए अधिकारिक वेबसाइट व हिन्दू कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

**सामूहिक विवाह योजना** | शासन से आई टीम ने लाभार्थियों व शिकायतकर्ता का जाना पक्ष, कई तथ्य सामने आना बाकी

# विवाह में लाभार्थियों को उपहार वितरण में हुई गड़बड़ी

मुरादाबाद, कार्यालय संवाददाता

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह प्रोत्साहन योजना में हुए सामूहिक विवाह में फर्जीवाड़े की कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह की शिकायत पर जांच तेज हो गई है। लखनऊ निदेशालय से आई तीन सदस्यीय टीम ने दूसरे दिन शुक्रवार को भी लाभार्थियों के दस्तावेजों की जांच की। टीम में शामिल संयुक्त निदेशक अरुण पांडेय, उप निदेशक अमरजीत सिंह और अनामिका ने डीएम के साथ ही अधिकारियों, ठेकेदार के साथ ही शिकायत करने वाले विधायक से भी मुलाकात कर उनका पक्ष जाना।

टीम की जांच में सामने आया कि पांच दिसंबर को मूंढापांडे ब्लॉक क्षेत्र में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 865 जोड़ों की शादियां कराई गईं। जिसमें अनुदान के



समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जांच करती टीम। ● अमृत विचार

रूप में दिए जाने वाले उपहार का वितरण अंशिका ट्रेडर्स के ठेकेदार के माध्यम से किया गया। कुंदरकी के विधायक रामवीर सिंह ने आरोप लगाया था कि लाभार्थियों को सामान कम दिया गया, जबकि कुछ को मिला ही नहीं। जिसको लेकर उन्होंने मामले की शासन से शिकायत की थी। जिला प्रशासन के द्वारा कराई जांच में यह खुलासा हुआ कि 37 जोड़ों को अपात्र होने के बावजूद गलत सत्यापन के जरिए योजना में

- **जिला स्तर की जांच में 37 अपात्र जोड़ों का सत्यापन करने वालों पर गाज गिरनी तय**

पात्र बना दिया गया। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि इस मामले के दोषी अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, शासन को भी कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

वहीं लखनऊ से आई टीम की जांच में यह सामने आया कि सामूहिक विवाह समारोह से लगभग 72 घंटे पहले लखनऊ स्तर से ईवेंट ब्लॉक कर दिया जाता है, जिससे लाभार्थियों का डेटा फाइनल किया जा सके।

हालांकि पांच दिसंबर को ईवेंट एक रात पहले तक खुला रहा, जिसके कारण कुछ लाभार्थियों का डेटा समय पर लखनऊ में फीड नहीं हो सका। इससे कुछ जोड़ों की फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। लेकिन दोनों में एक की फेस ऑथेंटिकेशन होने से उस जोड़े को योजना में शामिल करना पड़ा। विभागीय निर्देश पर ऐसे जोड़ों की अनुदान सूची अलग से तैयार की गई। फिलहाल जांच टीम सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। रिपोर्ट शासन को सौंपे जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

> जिले में 1600 से अधिक लोगों की शादियां कराई गई थी। गड़बड़ी की शिकायत पर सीडीओ को जांच का निर्देश दिया था। इसके बाद जिला स्तरीय अधिकारियों से एक- एक लाभार्थी की जांच कराई। जिसमें 1665 लाभार्थियों की शादी में 37 जोड़े अपात्र मिले, जिसमें से 34 मूंढापांडे ब्लॉक में ही हैं। कुंदरकी ब्लॉक में एक जोड़ा और शहरी क्षेत्रों में दो जोड़े अपात्र पाए गए। कुछ लोगों ने अनुदान का सामान न मिलने की शिकायत की थी। कार्यक्रम स्थल पर संख्या बढ़ने से सभी सामान नहीं मिल सका। जिन्हें सामान नहीं मिला है उन्हें दिया जा रहा है। जिनके द्वारा गलत सत्यापन किया गया उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ शासन को भी कार्रवाई के लिए प्रस्तावित किया जा रहा है।
> **- अनुज सिंह**, डीएम

> हमारे पास कई लोग शिकायत करने आए थे जिन्हें सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अनुदान का सामान आधा अधूरा मिला। वेंडर के स्तर पर गड़बड़ी की गई है। अगर ठेकेदार लाभार्थियों को सामान पूरा दे देता है हमारी कोई बड़ी शिकायत नहीं हैं। शासन इसका संज्ञान लेकर जांच करा रही है। जांच रिपोर्ट से पहले कुछ स्पष्ट कहना उचित नहीं होगा।
> **- रामवीर सिंह**, विधायक कुंदरकी विधानसभा

# ममलूकुर्रहमान बर्क को फिल्म निर्माता कंपनी ने भेजा नोटिस

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **डराने-धमकाने वाले बयान से फिल्म यूनिट में भय का माहौल**

**अमृत विचार:** 1978 के संभल दंगों पर आधारित फिल्म को लेकर विवाद अब कानूनी स्तर पर पहुंच गया है। फिल्म निर्माण कंपनी जानी फायरफॉक्स मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने सांसद के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क को लीगल नोटिस भेजा है। कंपनी का आरोप है कि फिल्म की शूटिंग को लेकर सार्वजनिक रूप से डराने-धमकाने वाले बयान दिए गए, जिससे फिल्म यूनिट में भय का माहौल बना।

नोटिस में कहा गया है कि 1978 के दंगे एक ऐतिहासिक और सार्वजनिक रिकॉर्ड का विषय हैं और उन पर फिल्म बनाना संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अंतर्गत आता है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि सभी वैधानिक अनुमतियां लेकर ही फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। फायरफॉक्स मीडिया का कहना है कि शूटिंग रोकने की चेतावनियां आपराधिक धमकी की श्रेणी में आती हैं, जिससे मानसिक उत्पीड़न और कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका उत्पन्न हुई है। नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि सार्वजनिक रिकॉर्ड के अनुसार 1978 के दंगों में 184 हिंदुओं की मौत हुई थी। कंपनी ने मांग की है कि 15 दिनों के भीतर सार्वजनिक माफी मांगी जाए, बयान वापस लिए जाएं, भविष्य में किसी भी तरह की बाधा न डाली जाए और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में 50 लाख रुपये जमा किए जाएं। समय सीमा में मांगें पूरी न होने पर दीवानी और आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### आदेश के बाद भी भी स्कूलों में सेनेटरी पैड नहीं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सरकार द्वारा छात्राओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई सरकारी और निजी स्कूलों में सेनेटरी पैड की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है। इससे किशोरावस्था की छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है और कई बार उनकी पढ़ाई भी प्रभावित होती है। अभिभावकों का कहना है कि जागरूकता और निगरानी की कमी के कारण योजना प्रभावी नहीं हो पा रही है। लोगों ने व्यवस्था कराने की मांग की है।

### सुविधा: खुद रिचार्ज करें स्मार्ट मीटर

**कांठ, अमृत विचार :** बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बहुत बड़ी सुविधा उपलब्ध कराई है। नगर में काफी संख्या में स्मार्ट मीटर लगाए गए अब उन्हें रिचार्ज करना आसान हो गया है। उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। बिजली विभाग की ओर से ऐप द्वारा क्षमता अनुसार रिचार्ज करें जिससे सभी कार्य घर बैठे उपलब्ध हो जाएंगे। यह जानकारी देते हुए बिजली विभाग के एसडीओ कांठ सचिन रस्गीतो ने बताया कि नगर व गांव में काफी संख्या में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। उन्हें कहीं पर भी चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है।

### कम उम्र में शादी यानी जीवन की बर्बादी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के दौरान शुक्रवार को जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा ग्राम पंचायत गजगोला नानक बाड़ी में बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को बाल विवाह से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह करना या करवाना गैर जमानती अपराध है। संविधान के अनुसार विवाह की न्यूनतम आयु लड़की के लिए 18 वर्ष तथा लड़के के लिए 21 वर्ष निर्धारित है। बाल विवाह के मामले में दोषी पाए जाने पर दो वर्ष का कठोर कारावास और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के समर्थन में सभी ने संकल्प शपथ ली। कार्यक्रम में तनीषा दिवाकर (मनोसामाजिक परामर्शदाता), शाहनवाज आलम (सुपरवाइजर) तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की केस वर्कर अंजू सागर, रविंद्र सिंह, ग्राम प्रधान सहित स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 19 संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पर्यवेक्षक लगाए गए

मुरादाबाद, कार्यालय संवाददाता

- बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी, सुरक्षा व्यवस्था पर निर्णय शेष

**अमृत विचार :** जिले में यूपी बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल एवं नकलविहीन कराने के लिए प्रशासन ने लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले में 112 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहां व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। हालांकि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभी निर्णय लिया जाना बाकी है। सभी विद्यालयों से 10 फरवरी तक कक्ष निरीक्षक की मांग की है।

शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 112 केंद्र व्यवस्थापक और 112 सहायक केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती की गई है। परीक्षाओं को पूरी तरह नकलविहीन कराने के उद्देश्य से 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 112 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा पांच जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।इसके अलावा जनपद के 19 संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी के लिए अतिरिक्त पर्यवेक्षक लगाए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिला अधिकारी को पत्र लिखकर प्रत्येक केंद्र पर पुलिस बल की तैनाती की मांग की है। प्रशासन स्तर पर इस संबंध में जल्द निर्णय लिए जाने की संभावना है। बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन लगातार तैयारियों की समीक्षा कर रहा है।

## गंभीर अति कुपोषित श्रेणी के चिन्हित बच्चों का एनआरसी में कराएं पोषण प्रबंधन

# कुंदरकी व मूंढापांडे की प्रगति खराब, डीएम ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों की समीक्षा बैठक

**अमृत विचार:** डीएम अनुज सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में आईसीडीएस विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित गतिविधियों व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने गंभीर अति कुपोषित श्रेणी के चिन्हित बच्चों का एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) में पोषण प्रबंधन कराने को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी मुख्य सेविकाओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिया कि गंभीर अतिकुपोषित श्रेणी के बच्चों को चिन्हित कर उनके अभिभावकों को पोषण पुनर्वास केंद्र के माध्यम से प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में प्रोत्साहित कर बच्चों को भर्ती कराएं। शासन के निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप कुंदरकी और मूंढापांडे की प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। बाल विकास परियोजना अधिकारी को गंभीरता बरतने का निर्देश दिया। कहा कि राज्य के औसत प्रतिशत से कम प्रगति नहीं होनी चाहिए।

डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि पोषाहार वितरण के साथ ही नियमानुसार तीन महीने में एक बार फोर्टीफाइड चावल का वितरण भी अनिवार्य रूप से हो, इसकी नियमित मॉनिटरिंग जरूरी है। आंगनबाड़ी केंद्रों के अनुरक्षण के लिए मिली धनराशि का भी सदुपयोग किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष राय के अलावा डिप्टी सीएमओ प्रवीण श्रीवास्तव व विभाग की सीडीपीओ और मुख्य सेविकाएं मौजूद रही।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में समीक्षा करते डीएम अनुज सिंह। ● अमृत विचार

# शिवालिक योजना में भूमि प्राप्त करने का रास्ता खुला

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में एमडीए की बैठक, 31237.00 लाख के राजस्व प्राप्ति का बजट मंजूर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सदन में स्वीकृत किया गया 56717.00 लाख रुपये की पूंजीगत प्राप्ति का आय-व्ययक
- विकास शुल्क की दर 1465.00 प्रति वर्ग मी.से बढ़ाकर 1510 रुपये प्रति वर्ग मीटर हुई

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण बोर्ड की 143वीं बैठक शुक्रवार को मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्राधिकरण कार्यालय सभागार में हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 31237.00 लाख के राजस्व प्राप्ति का बजट मंजूर कर दिया गया। साथ ही 56717.00 लाख की पूंजीगत प्राप्ति का आय-व्ययक भी सदन ने स्वीकृत किया। इसके अलावा विकास शुल्क की दर रुपये 1465.00 प्रति वर्गमीटर से बढ़ाकर 1510 रुपये प्रति वर्ग मीटर करने और शिवालिक योजना के प्रथम चरण में क्रय की जा रही भूमि को आपसी सहमति के साथ लैंड पुलिंग पॉलिसी 2019 के प्रावधानों के माध्यम से भू-स्वामियों से भूमि प्राप्त करने का रास्ता खुल गया।

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में सबसे पहले बजट के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद उसको अनुमोदित किया गया। प्राधिकरण के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 17389.00 लाख के राजस्व प्राप्ति और 47971.00 लाख की पूंजीगत प्राप्ति का पुनरीक्षित आय-व्ययक तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में 31237.00 लाख के राजस्व प्राप्ति एवं 56717.00 लाख की पूंजीगत प्राप्ति का आय-व्ययक बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से स्वीकृत कर दिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3959.00 लाख के राजस्व व्यय एवं 50726.00 लाख की पूंजीगत व्यय का पुनरीक्षित आय-व्ययक और वित्तीय वर्ष 2026-27 में 5258.00 लाख के राजस्व व्यय और 61651.00 लाख के पूंजीगत व्यय का आय-व्ययक भी मंजूर किया गया। बैठक में आवासीय एवं गैर आवासीय दोनों ही श्रेणी के भूखण्डों में न्यूनतम पहुंच मार्ग की चौड़ाई नौ मीटर करने के मानक को अनुमन्य किया गया। साथ ही गैर आवासीय उपयोग में आमेलन शुल्क आवासीय के अनुरूप एक प्रतिशत अधिरोपित करने का प्राविधान किया गया है। जबकि पूर्व में यह दो प्रतिशत था। तलपट मानचित्रों के अन्तर्गत 100 वर्गमीटर तक आवासीय और 30 वर्गमीटर तक वाणिज्यिक के भूखण्डों को लॉ-रिस्क कैटेगिरी में अधिसूचित किया गया था, जबकि वर्तमान संशोधनों में यह मानक अन्य क्षेत्रों के लिए भी लागू किए जाएंगे। पूर्व में समस्त क्षेत्रों के लिए 500 वर्गमीटर तक क्षेत्रफल के आवासीय भूखंड व 200 वर्गमीटर तक क्षेत्रफल के वाणिज्यिक भूखंडों की स्वीकृति के लिए पंजीकृत वास्तुविद को अधिकृत किया गया। बोर्ड की बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, सचिव व विशेषाधिकारी के अलावा नगर निगम, जिलाधिकारी अमरोहा के प्रतिनिधि व अन्य अधिकारियों के अलावा बोर्ड के नामित गैर सरकारी सदस्य राजू कॉलरा आदि मौजूद रहे।



एमडीए बोर्ड की बैठक में मौजूद मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

### गोविंदपुरम आवासीय योजना के प्रथम चरण को रेरा से मिली हरी झंडी

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा शिवालिक योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत, ग्राम डिडौरी, डिडौरा व रसूलपुर सुनवाती में क्रय की जा रही भूमि को आपसी सहमति के साथ-साथ लैंड पुलिंग पॉलिसी 2019 में वर्णित प्राविधानों के माध्यम से भी भू-स्वामियों से भूमि प्राप्त किये जाने का रास्ता खुल गया। जबकि मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/ नए शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत गोविंदपुरम आवासीय योजना के प्रथम चरण को रेरा से हरी झंडी मिल गई है। गोविंदपुरम योजना के अंतर्गत स्थित अवशेष भूमि को आपसी सहमति के आधार पर खरीदने के साथ ही समायोजन/विनिमय पद्धति से भूमि जुटाने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

### इसे भी किया गया अनुमोदित

- भवन उपविधि-2025 में पेट्रोल पंप की पहुंच मार्ग की चौड़ाई के मानकों को 24 मीटर के स्थान पर वर्तमान संशोधनों में 18 मीटर किया गया।
- यूपीओबीपीएएस पोर्टल पर मानचित्रों के निस्तारण एवं जन-सामान्य की सुविधा के लिए भू-स्वामित्व के संबंध में भू-अर्जन अनुभाग की आख्या व भू-उपयोग की आख्या आंतरिक रूप से ई-ऑफिस पर प्राप्त की जा रही है।
- सीलिंग / नजूल की अनापत्ति मात्र उन्हीं गाटा नंबरों की भूमि के लिए ली जाएगी जो सीलिंग / नजूल से प्रभावित हो
- मुरादाबाद विकास क्षेत्र के विस्तारित क्षेत्र की महायोजना तैयार कराने की कार्य की प्रगति से बोर्ड को जानकारी दी गई। निर्धारित टाईम लाइन में भू-उपयोगों का मानचित्र शीघ्र प्रस्तुत करने का निर्देश मंडलायुक्त ने दिया।
- उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (विकास परमिट फीस, भवन परमिट फीस और निरीक्षण फीस का निर्धारण, उग्रहण और संग्रहण) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2025 को अंगीकृत किया गया। जनसामान्य को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिए 100 वर्गमीटर तक के आकार वाले आवासीय भूखण्डों और 30 वर्गमीटर के वाणिज्यिक भूखंडों पर लगेगी।

## चाइनीज मांझा विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री ने चाइनीज मांझा से होने वाली मौतों के मामलों में हत्या का मुकदमा दर्ज करने के निर्देश देने के साथ बिक्री और उपयोग पर पूरी तरह रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद शुक्रवार शाम को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने पतंग और मांझा बेचने वाली दुकानों पर छापेमारी की और मांझे की जांच की गई। इस दौरान किसी भी दुकान से चाइनीज मांझा बरामद नहीं हुआ। मुगलपुरा, कटघर, गलशहीद,नागफनी, सिविल लाइंस, मझोला और सदर कोतवाली थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने दुकानों की सघन जांच की और दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि प्रतिबंधित चाइनीज़ मांझा की बिक्री किसी भी हालत में न की जाए।एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि चाइनीज़ मांझा बेचने या इसके उपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चाइनीज मांझा पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस की निगरानी लगातार जारी रहेगी। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन के माध्यम से नजर रखी जाएगी।

# 476 स्कूलों के बच्चों ने देखा परीक्षा पे चर्चा का प्रसारण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद।

**अमृत विचार:** बोर्ड परीक्षा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पर चर्चा के 9वें संस्करण का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसका जिले के 476 विद्यालयों के बच्चों को सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की गई। सभी विद्यालयों में प्रोजेक्टर लगाए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सतानंद ने कई विद्यालय में भ्रमण व्यवस्था देखी।

शुक्रवार को चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में बोर्ड कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण का सजीव प्रसारण देखा और सुना। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक (द्वितीय) सतानन्द शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ पूरा कार्यक्रम देखा और संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डीआईओएस टू ने बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्हें तनावमुक्त रहकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने का आह्वान किया। इस बार छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास, पढ़ाई पर बेहतर एकाग्रता तथा 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य पर विशेष चर्चा की गई। प्रधानमं ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, स्वच्छता अपनाने, समय पालन तथा अनुशासित जीवनशैली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। अंत में प्रधानाचार्य मेजर सुदेश भटनागर ने अतिथियों एवं शिक्षकों का आभार जताया। इस दौरान डॉ. राजीव कुमार, डॉ. विशेष कुमार शर्मा, बबीता मेहरोत्रा, सचिन शुक्ला, मो. शारिब, अमन सक्सेना, नजाकत अली, विनीत कुमार, अंतरिक्ष भारद्वाज सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

- डीआईओएस ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा में आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई की सलाह दी



चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में शिक्षकों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण देखते छात्र। ● अमृत विचार

## सरकारी भूमि पर कब्जे में कार्रवाई न होने से नाराजगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** लाजपत नगर स्थित सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे से बनी मस्जिद ज्यारत पर प्रशासन के द्वारा ज्ञापन के बाद भी ध्यान न देने पर राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। दस दिन में कारवाई न होने पर महाशिवरात्रि के बाद लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से मिलने की चेतावनी दी है।

राष्ट्रीय बजरंग दल प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि वह प्रशासन को जगाना चाहते हैं। इससे संबंध में राष्ट्रीय बजरंग दल जिला प्रशासन को ज्ञापन भी दे चुका है, हर बार कोरा आश्वासन मिला है। परन्तु कोई कदम नहीं उठाया गया है। अगर दस दिन में प्रशासन इस विषय पर कारवाई नहीं करता है तो राष्ट्रीय बजरंग दल का एक प्रतिनिधि मंडल शिवरात्रि के बाद मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जानकारी देकर कारवाई की मांग करेगा।

## न्यूज डायरी



### एसएस इंटर कॉलेज में शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एसएस इंटर कॉलेज बुद्ध बाजार में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन तिवारी के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर संदीप बडोला डिप्लोमा फार्मेसी के प्रदेश अध्यक्ष, हेमंत चौधरी डिप्लोमा फार्मेसी संघ के जिला मंत्री, राष्ट्रीय शैक्षिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जोगेंद्र पाल सिंह, यूपी एजुकेशन मिनिस्ट्री एसोसिएशन के जिला मंत्री ओमपाल सिंह, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ जनपद मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष विशेष कुमार, सुक्लेश शर्मा,संजीव चौधरी, सुरेंद्र पाल (विभाग संचालक, आरएसएस) सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। संगठन की मजबूती, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं एवं अधिकारों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन के माध्यम से कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।



### आपदा में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भूमिका पर चर्चा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागरिक सुरक्षा के वार्डनों एवं स्वयंसेवकों का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण एमआईटी के सभागार में दिया गया। इसमें 90 वार्डन शामिल रहे। प्रशिक्षण की शुरुआत मंडलीय कमांडेंट सुनील कुमार ने दीप प्रज्जलित कर किया। उन्होंने वार्डनों को निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उपनियंत्रक नीरज चक ने बताया कि प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन के साथ अग्निशमन, बचाव सेवा एवं एसडीआरएफ के बारे में विभागों के विशेषज्ञों के व्याख्यान कराए जाएंगे। पहले दिन सतीश कुमार ने आपदा में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भूमिका" पर चर्चा की। दूसरे सत्र में उपनियंत्रक नीरज चक ने व्याख्यान में जानकारी दी। इस दौरान चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल, मास्टर ट्रेनर विवेक कुमार यादव, डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो. खालिद, स्टाफ अधिकार अशोक कुमार गुप्ता, शरीफ अहमद, वसीम अख्तर, वसीम अंसारी, डॉ. शफीक, राजविमल शर्मा आदि मौजूद रहे।



### ब्राह्मण उत्थान के लिए बजट में धन देने की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मुरादाबाद एक कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिलकर उन्हें ज्ञापन दिया। इसमें उन्हें बताया कि ब्राह्मणों ने देश, समाज और सभी जाति वर्ग के लिए उत्थान के लिए मिलकर कार्य किया है लेकिन आज ब्राह्मणों की उपेक्षा की जा रही है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने उनसे कहा कि भगवान श्री परशुराम जो सभी के इष्ट हैं, उन्हें सम्मान पूर्वक भगवान के रूप में पूजते हैं, उनके अवतरण दिवस पर (अक्षय तृतीया पर) पूर्व की तरह अवकाश घोषित किया जाए। वेद, पुराण एवं आध्यात्मिक शिक्षा जैसी दुर्लभ शिक्षा से संबंधित आयोग का गठन किया जाए, और सभी माध्यमिक स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यालयों में पाठ्यक्रम के रूप में शिक्षण कार्य किया जाए। ब्राह्मण आयोग का गठन किया जाए जिसमें ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य जैन सिख कायस्थ आदि को सम्मिलित करते हुए बनाया जाए। ब्राह्मण के उत्थान के लिए बजट में धन प्रस्ताव पारित किया जाए। ज्ञापन देने के दौरान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विमलेंद्र शर्मा विमल, प्रांतीय उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, जिलाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



### नाटक व पोस्टर से दिया डायरिया से बचाव का संदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रताप सिंह हिंदू गर्ल्स इंटर कॉलेज में पीएसआई इंडिया और केनव्यू के सहयोग से पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। डायरिया के प्रति जागरुकता के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। प्रतियोगिता में 58 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें कक्षा 11 की सदफ सलमान प्रथम, उसी कक्षा की माहे उरूज दूसरे और कक्षा 9 की जारा तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा 9 की इमरा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। छात्राओं एवं अध्यापकों की हीमोग्लोबिन जांच भी की गई। नुक्कड़ नाटक और पोस्टर के जरिए डायरिया से बचाव के संदेश दिए गए। बताया कि टीकाकरण सारणी के अनुसार सारे टीके लगवाएं और रोटावायरस, विटामिन ए लेना न भूलें। जिंक की खुराक को दस्त ठीक होने के बाद भी 14 दिनों तक जारी रखें। पीने के पानी को साफ़ रखें। इस मौके पर प्रधानाचार्य सीमा शर्मा, विद्यालय के समस्त शिक्षक के साथ स्वास्थ्य विभाग से तारिक अंसारी, हेमा एवं लैब टेक्नीशियन संदीप और पीएसआई इंडिया से कोमल घई, मोहम्मद रिजवान, ममता सैनी आदि उपस्थित रहे।

# प्रदर्शनी: सराहे गए बच्चों के बनाए विज्ञान मॉडल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि मंडलीय सह शिक्षा निदेशक बुद्ध प्रिय सिंह तथा विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार रहे। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करते हैं। विशिष्ट अतिथि ने इसे बेसिक शिक्षा विभाग के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि बाल वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। निर्णायक मंडल में माध्यमिक शिक्षा विभाग की एसआरजी विज्ञान बबीता मेहरोत्रा एवं राजकीय इंटर कॉलेज के प्रवक्ता अरविंद कुमार शामिल रहे, जिन्होंने मॉडलों का मूल्यांकन कर बच्चों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन नोडल एसआरजी (राष्ट्रीय आविष्कार अभियान) डॉ. सचिन शुक्ला ने किया,जिसमें डॉ. रितु त्यागी का पूर्ण सहयोग रहा। आयोजन अखिलेश कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। विज्ञान मॉडल एवं क्विज में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। टॉप-5 छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा टैबलेट और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

### परिणाम: क्विज प्रतियोगिता

ब्लॉक छजलैट प्रथम ।विज्ञान मॉडल प्रस्तुति : प्रथम- अनम (विकास खंड कुंदरकी), द्वितीय- जेबी परवीन (ब्लॉक छजलैट), तृतीय- प्रिंस (ब्लॉक छजलैट)।

# वॉलीबाल: एग्रीकल्चर, लॉ कॉलेज का जलवा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की इंटरकॉलिजिएट वॉलीबाल प्रतियोगी में एग्रीकल्चर और लॉ कॉलेज की टीमों का दबदबा रहा। क्रिकेट मुकाबलों में मेडिकल, पैरामेडिकल, फिजिकल एजुकेशन और सीसीएसआईटी की टीमों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टग ऑफ वॉर की गर्ल्स प्रतियोगिता में फिजिकल एजुकेशन कॉलेज ने एग्रीकल्चर कॉलेज को से 2-1 से हराकर एकतरफा मैच जीता।

वालीबॉल में एग्रीकल्चर कॉलेज और फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के मैच में एग्रीकल्चर कॉलेज ने टॉस जीतकर कोर्ट चुना। जिसमें एग्रीकल्चर कॉलेज ने 2-0 से मुकाबला जीता। एग्रीकल्चर की ओर से स्पाइकर एन. राजू ने बेहतर प्रदर्शन किया। इंजीनियरिंग और लॉ कॉलेज के मुकाबले में लॉ कॉलेज ने टॉस जीतकर कोर्ट चुना। लॉ कॉलेज ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए 2-0 से मुकाबला जीत लिया।

क्रिकेट में एजुकेशन और पैरामेडीकल, फिजिकल एजुकेशन और मैनेजमैंट, एग्रीकल्चर और सीसीएसआईटी, मेडिकल कॉलेज और फार्मेसी के बीच मुकाबले हुए। इनमें मेडिकल, पैरामेडिकल, फिजिकल एजुकेशन और सीसीएसआईटी की टीमों ने जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।



वॉलीबाल प्रतियोगिता में खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- टीएमयू में इंटरकॉलिजिएट क्रिकेट मुकाबलों में खेला गया सेमीफाइनल

## लाठी-डंडों और बेल्टों से हमला चार लोग घायल

**मैनाठेर, अमृत विचार:** कटघर निवासी गौरव भाई दीपांशु और बहनोई रवि के साथ एक शादी में शामिल होने मैनाठेर क्षेत्र के गागन तिराहे के पास स्थित राज फार्म हाउस गए थे। रात करीब एक बजे जयमाला कार्यक्रम के दौरान दीपांशु की कुछ बरातियों से फोटो खिंचवाने को लेकर कहासुनी हो गई जो कुछ ही देर में मारपीट में तब्दील हो गई। आरोप है कि बरातियों ने दीपांशु को लाठी-डंडों व बेल्टों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

जब गौरव और बहनोई रवि ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो बारात में आये लोगों ने उन पर भी हमला कर दिया। मारपीट में तीन लोगों के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि एक व्यक्ति का चेहरा बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद घायलों को उपचार के लिए भेजा गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# तुमड़िया डैम में सिल्ट व गाद जमाव से सिंचाई पर संकट

## सिंचाई विभाग शासन को भेजेगा 174 करोड़ की सुधार योजना

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के जसपुर क्षेत्र में स्थित तुमड़िया डैम में सिल्ट व गाद जमा होने से सिंचाई व्यवस्था पर संकट गहराता जा रहा है। डैम की जलधारण क्षमता में निरंतर कमी आ रही है, जिससे किसानों को समय पर पानी उपलब्ध कराना मुश्किल हो रहा है।

2000 से पूर्व यह डैम उत्तर प्रदेश के अधीन था। प्रदेश का बंटवारा होने के बाद इसकी अधिकतर जिम्मेदारी उत्तराखंड पर है। इसी डैम से जनपद मुरादाबाद के साथ-साथ जनपद रामपुर क्षेत्र के किसानों को नहरों के माध्यम से फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाता है। काफी समय से डैम की सफाई न होने के कारण डैम में सिल्ट व गाद जमा हो गई है। इस कारण डैम में पानी रोकने की क्षमता घट गयी है। गंभीरता को देखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा 174 करोड़ रुपये की विस्तृत सुधार योजना तैयार कर शासन को भेजने की तैयारी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि यदि समय रहते गाद निकासी और संरचनात्मक सुधार नहीं किए गए तो भविष्य में डैम की उपयोगिता और अधिक प्रभावित हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह योजना तैयार कर शासन की स्वीकृति हेतु भेजी जा रही है। मंजूरी मिलते ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।


जसपुर क्षेत्र में स्थित तुमड़िया डैम। ● अमृत विचार

● **डैम की जलधारण क्षमता में निरंतर आ रही कमी, किसान परेशान**

**प्रस्तावित योजना के तहत किए जाएंगे कई संरचनात्मक सुधार**

सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रस्तावित योजना के तहत डैम से गाद की व्यापक सफाई, जलधारण क्षमता बढ़ाने, तटबंधों की मजबूती, स्लुइस गेटों की मरम्मत तथा अन्य संरचनात्मक सुधार किए जाएंगे। इस परियोजना के पूरा होने से न केवल डैम की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

जानकारी के अनुसार तुमड़िया डैम में वर्षों से गाद निकासी न होने के कारण जलाशय की गहराई कम हो गई है। बरसात के मौसम में जलभराव की क्षमता घटने से अतिरिक्त पानी डैम से बाहर बह जाता है, वहीं गर्मी के दिनों में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं हो पाता। इसका सीधा असर क्षेत्र की कृषि व्यवस्था पर पड़ रहा है।

## ट्रेड यूनियनों की बैठक में हड़ताल सफल बनाने का आह्वान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** 12 फरवरी को प्रस्तावित आम हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को समरसता पार्क में ट्रेड यूनियनों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. सईद सिद्दीकी ने कहा कि आम हड़ताल ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर आयोजित की जा रही है, जिसे संयुक्त किसान मोर्चा का भी समर्थन है। उन्होंने बताया कि हड़ताल लेबर कोर्ट के विरोध तथा मनरेगा के नाम में बदलाव जैसे मुद्दों को लेकर की जा रही है। बैठक में कॉमरेड हरस्वरूप सिंह, कॉमरेड तिमाल सिंह, कॉमरेड नरेश सिंह, कॉमरेड महिपाल सिंह, कॉमरेड शाकिर हुसैन, कॉमरेड सैयद सिद्दीकी, कॉमरेड पांडेय सहित अन्य वक्ताओं ने विचार रखे और हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। अंत में सभी श्रमिकों, कर्मचारियों, किसानों एवं आम जनता से 12 फरवरी की आम हड़ताल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई हैं।

# स्टेनोग्राफर की आत्महत्या में पत्नी का कोर्ट में सरेंडर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● **सिविल कोर्ट में तैनात मोहित ने 18 जनवरी को फंदा लगाकर दी थी जान, पत्नी को जेल भेजा**

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा सिविल कोर्ट में तैनात स्टेनोग्राफर की आत्महत्या के मामले में पत्नी ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया है। जिसके बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र ठाकुरद्वारा के गांव करनावाला खालसा निवासी एवं ठाकुरद्वारा सिविल कोर्ट में तैनात स्टेनोग्राफर मोहित कुमार ने 18 जनवरी 2026 को अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद जांच पड़ताल में पुलिस को उनके बैग से 5 पन्नों का सुसाइड नोट मिला था, जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी अनीता, उसके दो प्रेमियों (डॉ. राजीव यादव और मोहम्मद हसीब) और ससुराल पक्ष के 12 लोगों पर गंभीर आरोप लगाए थे। मोहित ने आरोप लगाया था कि अनीता के अवैध संबंध थे और वह अपने प्रेमियों के साथ मिलकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रही थी। इसके अलावा 50 लाख रुपये की मांग और झूठे दहेज केस में फंसाने की धमकी देने का जिक्र भी नोट में था। रुपये न देने पर उसे दहेज उत्पीड़न के झूठे मुकदमें में फंसाने और जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं।

आरोपियों की धमकियों से मोहित इस कदर टूट चुका था कि उसके पास मौत को गले लगाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा। सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने उसकी पत्नी अनीता और अन्य के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने (आईपीसी 306) का केस दर्ज किया था। मोहित और अनीता की शादी दिसंबर 2023 में हुई थी और तभी से दोनों के बीच गृह क्लेश चल रहा था। अनीता के आत्मसमर्पण के बाद इस मामले में उसे जेल भेज दिया गया है एवं पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्यवाही और पूछताछ की जा रही है।

# व्यवस्थाएं व्यवस्थित करने के दिए निर्देश

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की एस आर एम स्टेट रिव्यू टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के साथ जुडे आयुष्मान मंदिरों का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने मौजूद लोगो से जानकारी ली और सभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समुचित रूप से व्यवस्थित करने के लिए निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग की एस आर एम स्टेट रिव्यू मिशन की टीम से डॉक्टर आरके सिरोहा एसीएमओ एवं अंबुज पांडे डीपी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ सुबह 10:00 बजे के बाद पहुंचे। वहां उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं देखीं। सफाई व्यवस्था, रजिस्टरों का रखरखाव, स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम की जानकारी ली और वहां मौजूद डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों को व्यवस्थाएं और दुरुस्त करने के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने आयुष्मान मंदिर गढी सलेमपुर मौढी हजरतपुर मल्लीवाला बेगमपुर कुचावली लदावली सलावा संदलीपुर इन सभी का निरीक्षण किया आयुष्मान मंदिरों के निरीक्षण में स्वास्थ्य विभाग की स्टेट टीम के अधिकारियों को सी एच ओ मौजूद मिले। उन्होंने आयुष्मान मंदिरों के भवन देखकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। मरीज को सभी सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, एसआरएम स्टेट टीम के निहाल खान एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।


आयुष्मान मन्दिर का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

● **अधिकारियों ने आयुष्मान मंदिरों का किया निरीक्षण**

## वेब सीरीज 'घूसखोर पंडत' पर पाबंदी की मांग

**संभल, अमृत विचार :** नेटफ्लिक्स पर हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज 'घूसखोर पंडत' को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इस वेब सीरीज के खिलाफ जहां ब्राह्मण समाज ने मोर्चा खोल रखा है, वहीं अब मुस्लिम धर्मगुरु भी आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने वेब सीरीज़ को धर्मगुरुओं की मान-मर्यादा के खिलाफ बताते हुए सख्त कार्रवाई और प्रतिबंध की मांग की है।

मुफ्ती आलम रजा नूरी ने कहा कि उन्होंने यह नहीं देखी है और न ही उन्हें कंटेंट की जानकारी है, लेकिन जिस तरह से बताया जा रहा है, उससे स्पष्ट है कि धर्मगुरुओं की छवि को नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि हर समाज की जिम्मेदारी होती है कि वह धर्म और धर्मगुरुओं के प्रति सम्मान और सकारात्मक सोच बनाए रखे। धर्मगुरु कभी भी ऐसा संदेश नहीं देते जिससे देश या समाज को नुकसान पहुंचे।

# छात्र को परीक्षा से रोकने पर डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** डीएसएम डिग्री कॉलेज कांठ के प्रवक्ता द्वारा अमृत धारी छात्र को कृपाण के साथ परीक्षा देने से वंचित रखने के मामले में स्थानीय गुरुद्वारा एवं गुरुद्वारा मुरादाबाद के सिख समाज का एक प्रतिनिधि मंडल डीएम से मिला। डीएम ने जांच कमेटी गठित कर प्रतिनिधि मंडल को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

नगर के मोहल्ला विशनपुरा निवासी अमृतधारी सिख जपन सिंह पुत्र सरदार अमरीक सिंह डीएसएम डिग्री कॉलेज कांठ में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। जिसे 27 जनवरी को कृपाण के साथ परीक्षा देने से मना कर दिया गया। बिना कृपाण ही परीक्षा की अनुमति दी गई। 4 फरवरी को छात्र प्रथम पाली में हिंदी का प्रश्न पत्र देने गया तब उसे तलाशी के दौरान कृपाण के साथ रोक लिया और परीक्षा से वंचित कर घर भेज दिया गया। जानकारी मिलने पर गुरुद्वारा कांठ के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह एवं संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा के साथ एक प्रतिनिधिमंडल प्रवक्ता और डॉ. सौरभ सिंघल से मिलने गया तब प्रवक्ता ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सोमपाल सिंह ने कृपाण के साथ परीक्षा देना असंवैधानिक बताया है। शुक्रवार को गुरुद्वारा कांठ के अध्यक्ष एवं संरक्षक के अलावा सिख स्टूडेंट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सरदार गुरप्रीत सिंह दुआ एवं सपा के जिला उपाध्यक्ष सरदार दिलप्रीत सिंह एवं गुरुद्वारा मुरादाबाद कमेटी के सिख समाज का प्रतिनिधिमंडल संयुक्त रूप से डीएम अनुज कुमार सिंह से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि भारतीय संविधान में 5 से 6 इंच तक की कृपाण के साथ परीक्षा से वंचित रखना सिख समाज के साथ दोहरा बरताव दर्शाता है। डीएम ने जांच कमेटी गठित कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस मौके पर मुरादाबाद गुरुद्वारे की कमेटी के सदस्य सरदार इंद्रजीत सिंह, सरदार गुरु नाम सिंह टोनी के अलावा गुरुद्वारा कांठ के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह, संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा सरदार अमित सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, सरदार सिमरन सिंह, नवलजीत सिंह एवं पीड़ित छात्र जपन सिंह आदि सिख समाज के लोग मौजूद रहे। अल्पसंख्यक सिख समाज ने इसे भारतीय संविधान पर कोठाराघात बताया है।



डीएम से मिलने जाता सिख समाज प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

● **डीएम ने जांच कमेटी गठित कर उचित कार्यवाही का दिया आश्वासने**

# बदलते मौसम से कमजोर हो रही इम्युनिटी, टीबी का ग्राफ बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सर्दी और मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण टीबी के पुराने मरीजों की परेशानी तो बढ़ी ही है, बड़ी संख्या में नए मरीज भी सामने आ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में टीबी व सांस से संबंधित मरीज रोज पहुंच रहे हैं।

जिला अस्पताल के चेस्ट फिजिशियन डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय ने बताया कि सर्दी के दौरान टीबी के लक्षण तेजी से उभरते हैं। इस समय खांसी, लगातार बुखार, वजन कम होना, रात में पसीना आना और सांस लेने में दिक्कत जैसी शिकायतें अधिक हैं। उन्होंने बताया कि रोज 100 नए टीबी मरीज इलाज और परामर्श के लिए ओपीडी में पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार ठंड के मौसम में लोग धूप कम लेते हैं, बंद कमरों में अधिक समय बिताते हैं और खानपान में भी लापरवाही हो जाती है। इसका सीधा असर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग टीबी संक्रमण की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। वहीं, पहले से टीबी का इलाज करा रहे मरीजों में भी लक्षण दोबारा उभरने लगते हैं। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है, जो खांसने और छींकने से फैल सकता है। ऐसे में लक्षण दिखते ही जांच कराना बेहद जरूरी है। समय पर जांच और नियमित दवा से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। बताया कि इलाज के साथ ही मरीजों को सलाह दी जा रही है कि इलाज के दौरान दवा न छोड़ें और पौष्टिक आहार लें। दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार या वजन घटने जैसी समस्या हो तो इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं।

● **जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना पहुंच रहे नए रोगी**

**सरकारी योजना का नहीं मिल रहा लाभ**

सरकारी योजना के तहत मरीजों को मुफ्त जांच, दवाएं और पोषण सहायता दी जाती है। ताकि, लोगों के खानपान में किसी की तरह की कमी न हो। मगर, स्थिति यह है कि बीते आठ माह टीबी से पीड़ितों के बैंक खातों में आने वाला एक हजार रुपये पोषण भत्ता नहीं पहुंचा है, जिससे मरीज मुश्किल में हैं।

**ठंडी हवा तो कभी तेज धूप हो रही असहनीय**

मौसम का रंग हर दिन बदल रहा है। कभी बादल व कोहरा छा रहा है तो अगले दिन अच्छी धूप निकल रही है। दूसरी ओर ठंडी हवाओं से लोगों का स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है। सबसे अधिक असर बुजुर्गों व बच्चों पर पड़ रहा है। तापमान में असंतुलन से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। शुक्रवार को सुबह हल्का कोहरा रहा। लेकिन 8 बजे के करीब धूप निकलने के बाद से गलन में फौरी तौर पर राहत मिली। दोपहर में धूप कड़ा होने से सहने लायक नहीं थी, लेकिन तेज हवा के चलते थोड़ी आसानी हुई। लोग अपने घर की छतों व पार्कों में बैठकर धूप सेकतें रहे। अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 68 प्रतिशत रहा। दिन में तेज हवा चली। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपदा विशेष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगामी दिनों में दिन और रात के तापमान में एक दो डिग्री बढ़ने का अनुमान जताया गया है। सुबह और रात में ठंड रहेगी। अभी कुछ दिनों तक सुबह हल्का कोहरा रह सकता है। हालांकि दिन में धूप निकलेगा। अनुमान है कि महाशिवरात्रि के बाद मौसम ठीक हो जाएगा। ठंड से काफी राहत मिल जाएगी। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि गंगल ने कहा कि बदलते मौसम में वायरल बुखार व सांस से संबंधित बीमारियां बढ़ती हैं। एलर्जी की समस्या बढ़ जाती है। जरूरत है कि सावधानी बरतें। बच्चों और बुजुर्गों की विशेष देखभाल जरूरी है। क्योंकि ठंड के चलते वायरल इंफेक्शन बच्चों में अधिक हो रहा है। इससे सांस फूलने व पसलियां तेज चलने की बीमारी हो रही है।

**यह बरतें सावधानी:** बदलते मौसम में ठंड से बचकर रहें, बच्चों को अभी गर्म कपड़े पहना कर रखें, दमा व श्वांस से संबंधित मरीज अचानक दवा न छोड़ें, बच्चों के खानपान पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है।

## वेलेंटाइन वीक की शुरुआत आज से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वेलेंटाइन वीक की शुरुआत रोज़ डे से शनिवार को होगी। बाजारों में वैलेंटाइन वीक में उपहार देने के लिए दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही।

कटघर, बुध बाजार, पीतल नगरी, लाइनपार, सिविल लाइंस और गंज, टाऊन हॉल व अन्य बाजारों में रौनक रही। युवाओं में वेलेंटाइन वीक को लेकर उत्साह अधिक है। दुकानदारों के अनुसार इस बार कपल गिफ्ट्स, कस्टमाइज्ड काड्र्स और सॉफ्ट टॉयज की मांग ज्यादा है। फूल विक्रेताओं ने बताया कि रेड रोज की खूब डिमांड है। पिंक और व्हाइट रोज भी पसंद किए जा रहे हैं। कई दुकानों पर गुलाब के विशेष बुके तैयार हैं जिनकी कीमत 100 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक है। विदेशी और प्रीमियम चॉकलेट्स की बिक्री बढ़ी है। दुकानदारों के अनुसार इस बार बिक्री में पिछले साल की तुलना में अधिक होने की उम्मीद है।

7 फरवरी को रोज़ डे, 8 को प्रपोज़ डे, 9 को टेडी डे 10 को चॉकलेट डे, 11 को प्रॉमिस डे, 12 को हग डे, 13 को किस डे, 14 को वेलेंटाइन डे मनाया जाएगा।

## न्यूज डायरी



### समझौते के बाद हड़ताल समाप्त

**कांठ, अमृत विचार :** महीने भर से लगातार चली आ रही अधिवक्ताओं की हड़ताल तहसीलदार से समझौता होने के बाद समाप्त हो गई और दोनों पक्षों में समझौता हो गया। लगभग 1 महीने पहले तहसील बार एसोसिएशन कांठ के अधिवक्ता वकील अहमद व तहसील के संविदा कर्मी मोहम्मद दानिश में किसी कागज बनवाने को लेकर कहां सुनी हो गई थी। इसके बाद अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के न्यायालय का बहिष्कार कर हड़ताल शुरू कर दी थी। शुक्रवार को तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और तहसीलदार राजकुमार सिंह की वार्ता हुई। समझौते के बाद अधिवक्ताओं ने हड़ताल को समाप्त कर दिया। आज शनिवार से तहसीलदार के न्यायालय में कार्य सुचारू होगा। इस अवसर पर तहसीलदार राजकुमार सिंह, रजिस्टर कानून को करतार सिंह, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, महासचिव दीपक बिश्नोई, हरपाल सिंह एडवोकेट, भूप्रकाश, सलमान खान एडवोकेट, लक्ष्मण सिंह, जीशान अलम, विजेंद्र सिंह, महावीर सिंह, डॉ विनीत नैन, पुष्पेंद्र धामा, सुगम पवार, वकील अहमद, इमरान खान, प्रदीप कुमार, अयूब अहमद, कमल सिंह, चरण सिंह, अतुल राजपूत, राकेश कुमार, करतार सिंह आदि मौजूद रहे।




### बच्चों की बौद्धिक क्षमता का आंकलन करेगी इंटेलिजेंस चैंपियनशिप

**कांठ, अमृत विचार :** सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में 8 फरवरी को इंटेलिजेंस चैंपियनशिप (IQ टेस्ट) का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का आंकलन कर उन्हें प्रोत्साहित करना है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम पुरस्कार 21,000, द्वितीय 11,000, तृतीय 5,100, चतुर्थ 2,100 एवं पंचम पुरस्कार 1,100 दिया जाएगा। साथ ही 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि जिन अभिभावकों ने अभी तक नामांकन नहीं कराया है, वह 8 फरवरी 2026 को ही विद्यालय पहुंचकर नामांकन करा सकते हैं। परीक्षा प्रात: 8 बजे कक्षा 6 से 12 तक तथा दोपहर 12 बजे कक्षा एलकेजी से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होगी। विद्यालय प्रबंधन ने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

### पांच चरणों में बनाई जाती है ग्राम पंचायत विकास योजना

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पंचायत राज विभाग द्वारा ठाकुरद्वारा के विकासखंड सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना को लेकर ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। जिसमें डॉ नवनीत शेखर सिंह( फैकल्टी मैनेजर डी पीआरसी संभल )ने ग्राम पंचायत विकास योजना की जानकारी दी। प्रशिक्षक सुरेश आर्य ने ग्राम पंचायत समितियां के बारे में बताते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में 6 स्थाई ग्राम पंचायत समिति होती हैं जो कार्य योजना में योगदान देती हैं। प्रशिक्षक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना पांच चरणों में बनाई जाती है, प्रथम चरण में वातावरण का निर्माण करने के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया जाता है। द्वितीय चरण में परिस्थिति विश्लेषण के लिए आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। तृतीय चरण में ग्राम सभा के माध्यम से आवश्यकताओं एवं समस्याओं की पहचान व प्राथमिकताओं का निर्धारण किया जाता है। चौथे चरण में ड्राफ्ट प्लान तैयार किया जाता है। पांचवें चरण में वित्तीय स्वीकृति ली जाती है। पांच लाख रुपये तक की स्वीकृति ग्राम पंचायत, 5 लाख से 7 .5 लाख तक सहायक खंड विकास अधिकारी, 7 .5 से 10 लाख तक जिला पंचायत राज अधिकारी तथा 10 लाख से अधिक की स्वीकृति डीएम प्रदान करते हैं। प्रशिक्षक अनीता ने ग्राम प्रधान के कार्य बताए। समापन पर एडीओ पंचायत योगेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी को पंचायत विकास योजना पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण में पुष्पेन्द्र सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, कई गांवों के ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।



### उभरते व्यापार के मौके, भारत ईयू एफटीए की प्रगति पर जोर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एम्बिएंटे 2026 फ्रैंकफर्ट में शुरू हुआ जो 10 फरवरी तक चलेगा। एम्बिएंटे फेयर 2026 में इंडिया पवेलियन का उद्घाटन शुचिता किशोर, कॉन्सुल जनरल ऑफ इंडिया, फ्रैंकफर्ट जर्मनी ने किया। उन्होंने भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों की विविधता देखकर प्रसन्नता जताई। ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि एम्बिएंटे में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय मेलों में से एक है। फ्रैंकफर्ट में भारतीय कॉन्सुलेट जनरल के सहयोग से इस वैश्विक मंच का उपयोग कर भारत–ईयू फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर चल रहे विकास को रेखांकित करने का प्रयास चल रहा है। समझौते से यूरोपीय बाजार में हमारे हस्तशिल्प क्षेत्र की स्थिति और मजबूत होगी। इस दौरान ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, उपाध्यक्ष, सागर मेहता, ईपीसीएच के मुख्य संयोजक अवधेश चंद्र अग्रवाल, ईपीसीएच कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन के सदस्य रवि के. पासी, ओम प्रकाश प्रहलादका, केएन तुलसी राव, राजेश कुमार जैन, नावेद उर रहमान आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
मो.9412554796

**सूचना**
मैंने अपना नाम Saddam Ahmed से बदलकर Sadam Tasalim Khan S/o Tasleem Ahmed R/o132 Bhagijot Dhampur Post Afzalgarh, Bijnor रख लिया है भविष्य में मुझे नए नाम से जाना पहचाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# हर-हर महादेव के घोष से वातावरण गुंजायमान


शिव परिवार एवं मां दुर्गा की मूर्ति के साथ जयकारे लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


मूर्ति स्थापना से पूर्व कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● **मूर्ति स्थापना से पूर्व निकाली गई भव्य शोभायात्रा**

**अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर खागूवाला में शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। ब्रह्म भट्ट समाज द्वारा निर्मित नवनिर्मित नर्मदेश्वर हरिहर मंदिर में भगवान शिव परिवार एवं मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना से पूर्व गांव के मुख्य मार्गों से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। गांव की गलियों से गुजरती यात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। पूरा वातावरण हर-हर महादेव और जय माता दी के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

बताया गया कि वर्तमान में सनातन संस्कृति के प्रति लोगों की आस्था निरंतर प्रगाढ़ हो रही है। योगी सरकार में धार्मिक चेतना को नई ऊर्जा मिली है, जिसके परिणामस्वरूप गांव-गांव में मंदिरों का निर्माण एवं देवी-देवताओं की विधिवत स्थापना का क्रम तेज हुआ है। इसी कड़ी में रामनगर खागूवाला में ब्रह्म भट्ट समाज द्वारा निर्मित मंदिर में भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश, भगवान नंदी, शिवलिंग एवं मां दुर्गा की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व 108 महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में सहभागिता की। महिलाएं ठाकुरद्वारा–सुरजननगर मार्ग स्थित शिव मंदिर पर एकत्र हुईं, जहां से सिर पर जल से भरे कलश रखकर भगवान का गुणगान करती हुईं यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा नर्मदेश्वर हरिहर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### दो घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बिलासपुर, अमृत विचार :** विद्युत वितरण उपखंड के खौंदलपुर उपकेंद्र के अंतर्गत हाईटेंशन लाइन प्रशिक्षण एवं मरम्मत कार्य के दौरान सात फरवरी को दो घंटे विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह ने बताया कि शनिवार को खौंदलपुर उपकेंद्र के अंतर्गत बिलासपुर पर परीक्षण एवं मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसके चलते ग्यारह से एक बजे तक दो घंटे के लिए आपूर्ति बाधित रहेगी। उपभोक्ताओं से सहयोग करने का आग्रह किया है।

### आज छह घंटे गुल रहेगी बिजली

**सैफनी, अमृत विचार :** शाहबाद और सैफनी के विद्युत उपखंड अधिकारी अलंकित मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहबाद से सैफनी तक सड़क चौड़ीकरण के अंतर्गत विद्युत लाइन को सही करने के लिए काम होगा। जिससे उपभोक्ताओं को भविष्य में परेशानी न उठानी पड़े इसके लिए नए पोल लगाने के साथ नए तार भी डाले जाएंगे। जिसके चलते विद्युत उपकेंद्र सैफनी की विद्युत आपूर्ति शनिवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी।

### पुलिस लाइन में एसपी ने परेड का निरीक्षण किया

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद महिला प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों का टर्नआउट आदि चैक किया। पुलिस लाइन परिसर स्थित भोजनालय, पुस्तकालय, कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी आदि की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चैक कर निर्देश दिए।

### किसान के बेटे ने पास की जेआरएफ की परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** गांव मिलक अब्बू खां के किसान ख्याली राम के बेटे महावीर ने 99 .93 प्रतिशत के साथ यूजीसी नेट व जेआरएफ की परीक्षा पास कर जिले का नाम रोशन किया है। 4 फरवरी को परिणाम जारी हुआ है। महावीर ने उच्च स्कोर के साथ हिंदी विषय से जेआरएफ पास किया। उन्होंने श्रेय अपने परिवार, शिक्षकों को दिया है। महावीर ने परास्नातक दिल्ली विश्ववद्यालय से किया है।



# आचार्य प्रमोद कृष्णम बोले-न बंटने देंगे, न ही कटने देंगे

## सम्मेलन में बोले कल्कि पीठाधीश्वर: देश की एकता और अखंडता से खिलवाड़ करने वालों को सिखाया जाएगा सबक

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नगर के शिव बाग मंडी में शुक्रवार को आयोजित हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने तीखे शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि बटोगे तो कटोगे। लेकिन ऐसा नहीं होगा न तो बटने देंगे और न ही कटने देंगे। कहा कि देश की एकता और अखंडता के साथ खिलवाड़ करने वालों को सबक सिखाया जाएगा।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि वह अच्छी नहीं सच्ची बात कहने आए हैं ये कहकर संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने भारत के अतीत को गौरवशाली और वर्तमान को शक्तिशाली बताया। बोले कि हिन्दुस्तान को ''हिन्दुस्थान'' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक सनातन है, तब तक भारत है। भारत में सब धर्मों का सम्मान है, लेकिन सब धर्म समान नहीं हैं क्योंकि सनातन भारत का ''ओरीजन'' है। कहा कि जो सनातन के साथ खिलवाड़ करेगा उन्हें बता दिया जाएगा कि हिंदू और सनातन क्या हैं। आरएसएस की प्रशंसा करते हुए कहा कि राम और राष्ट्र के नाम पर समझौता नहीं हो सकता। उन्होंने सभी से सनातन का संकल्प लेने का आग्रह किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख जगदीश ने कहा कि हिंदू सकारात्मक सोच रखते हुए राष्ट्र का निर्माण कर रहा है। आयोजन समिति की अध्यक्ष आरएसएस नेत्री निवेदिता मित्तल ने सनातन की यात्रा का वर्णन करते हुए हिंदू समाज की एकजुटता पर जोर दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता नगर के समाजसेवी विवेक अग्रवाल ने की, जबकि संचालन सपन अग्रवाल एडवोकेट ने किया।



आचार्य प्रमोद कृष्णम को गदा भेंट करते राज्यमंत्री औलख।



हिंदू सम्मेलन में संबोधित करते कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम।



बिलासपुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### किया गया भव्य स्वागत

हिंदू सम्मेलन में पहुंचे कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का भव्य स्वागत करते हुए स्कूली बैंड के साथ मंच तक लाया गया। उन्होंने भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। स्कूली बच्चों ने गणेश वंदना की और आयोजन के मध्य कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

### राज्यमंत्री ने भेंट की गदा

हिंदू सम्मेलन में पहुंचे कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का जोरदार स्वागत किया गया। शहर के व्यापारियों व सनातन धर्म के अनुयायियों ने इस दौरान भारत माता की जय के नारे लगाए। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल व भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार सहित कई प्रमुख लोगों ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। राज्यमंत्री ने पीठाधीश्वर को गदा भी भेंट की।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी हरमनोज दास महाराज, ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, भाजपा नगराध्यक्ष अंगनलाल राजपूत, आरएसएस के विभाग प्रचारक बृजमोहन, जिला प्रचारक प्रमोद, राजेश चौहान, मधुबाला गुगलानी, रीता गौतम, परमजीत कौर पोला, सुखदर्शन सिंहल, डॉ. बलविंदर सिंह, सुनील गुप्ता, रवि गोयल, सौरभ सक्सेना एडवोकेट, विनय अग्रवाल, सुमित गोयल, जोगपाल सिंह, सत्यपाल जिंदल, अनिल मदान, चेतन पारुथी, सुनील मदान, चौधरी लोकेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य व सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## रंजिश के चलते मां-बेटे को पीटा गंभीर घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव टेमरा निवासी संतोख सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र संदीप सिंह और पत्नी मंतो कौर किसी कार्य से बिलासपुर गए थे। शाम को जब दोनों वापस गांव लौट रहे थे, तभी रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे आरोपी झब्बू ने उन्हें रोक लिया। संतोख सिंह का आरोप है कि किसी पुरानी बात को लेकर आरोपी ने विवाद शुरू कर दिया और देखते ही देखते उन पर लाठियों से हमला कर दिया।

हमले के दौरान मां-बेटे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा होने लगे। भीड़ को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तुरंत उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया। संतोख सिंह के अनुसार, हमले में उनकी पत्नी और बेटे को काफी चोटें आई हैं। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि संतोख सिंह की शिकायत पर आरोपी झब्बू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रात में सड़क पर निकले डीएम पाइप लाइन मिली क्षतिग्रस्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने गुरुवार रात रात्रिकालीन भ्रमण, साफ-सफाई एवं नागरिक व्यवस्थाओं का लिया जायजा लिया। भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित मुख्य मार्ग पर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त पाए जाने के कारण अनावश्यक जल प्रवाह हो रहा था, जिससे मार्ग एवं आसपास के क्षेत्र में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।

इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर नालों एवं नालियों में कूड़ा-कचरा जमा पाया गया, जिससे जल निकासी बाधित हो रही थी। इससे जलभराव की स्थिति हो सकती थी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामपुर को क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को तत्काल दुरुस्त कराने एवं नगर क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट गेट के कार्य की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार व कार्यदायी संस्था को आवश्यक संसाधन बढ़ाते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की सख्त चेतावनी भी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुविधा, सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। समस्त कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए।



कलेक्ट्रेट के बाहर गेट के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते डीएम। ● अमृत विचार

● साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए

## पुनर्वास केंद्र का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों के बनवाए जा रहे पुनर्वास केंद्र का शुक्रवार को डीएम अजय कुमार द्विवेदी, एसपी विद्या सागर मिश्र, सीएमओ डॉ. दीपा सिंह और सीएमएस डॉ. बीसी सक्सेना ने निरीक्षण किया। सीएमएस ने बताया कि पुनर्वास केंद्र मानसिक रूप से विक्षिप्त रोगियों के लिए स्थापित किया जा रहा है जोकि विभिन्न अभियानों के दौरान चिन्हित किए जाते हैं।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि पुनर्वास केंद्र में मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्तियों की देखरेख, उपचार एवं संरक्षण के लिए आवश्यक चिकित्सीय सुविधाओं के साथ-साथ प्रशिक्षित चिकित्सकीय एवं सहायक स्टाफ की तैनाती की गई है। ताकि उन्हें प्राथमिक उपचार, परामर्श एवं चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध हो सके। इसके अलावा अधिकारियों ने जिला अस्पताल में स्थापित ब्लड सैंपल यूनिट का भी अवलोकन किया।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** टांडा क्षेत्र के गांव नगलिया में गुरुवार देर रात एक विवाहिता की जहरीला पदार्थ खाने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।



मृतका शमा परवीन।

उत्तराखंड के उधम सिंह नगर थाना केलाखेड़ा के गांव रामनगर निवासी शमा परवीन का विवाह 21 दिसंबर 2024 को टांडा क्षेत्र के गांव नगलिया निवासी फुरकान शेरवानी के साथ हुआ था। लोगों ने बताया कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अनबन और आपसी मनमुटाव चल रहा था। मृतका का पति फुरकान दिल्ली में सिलाई का काम करता है, जबकि शमा गांव में ही रह रही थी। गुरुवार देर रात घर में हुए विवाद के बाद शमा ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और मृतका के मायके वाले मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद मायके पक्ष के लोग शव को अपने साथ ले गए हैं। कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा का कहना है कि मृतका के मायके वालों की ओर से तहरीर दी जा रही है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की गहनता से जांच की जाएगी और वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। महिला की मौत मामले में कोतवाली उपनिरीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि कोतवाली प्रभारी छुट्टी पर है।



मोर्चरी पर मौजूद परिजन। ● अमृत विचार

● मायके पक्ष के अनुसार जहर देकर मार दी गई बेटी

# विदेशी सामान से किसानों को हो रहा नुकसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मोहल्ला भारती टोला में शुक्रवार को भाकियू भानू की पंचायत हुई। पंचायत में अमेरिका द्वारा 18 परसेंट टैरिफ लगाए जाने पर और भारत सरकार द्वारा जीरो टैरिफ अमेरिका का सामान पर लगाने का मुद्दा उठाया। किसानों ने कहा कि विदेशी सामान मार्केट में आने से किसानों को नुकसान हो रहा है।

इस मौके पर प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि छोटे-बड़े सभी किसानों को बहुत बड़ा नुकसान है। अमेरिका हमारे देश में मक्का सब्जी दूध पनीर आदि चीज भेज कर यहां के किसान मजदूर को बर्बाद करने की साजिश रच रहा है। हमारे देश की सरकार को जितना टैरिफ अमेरिका लग रहा है। हमारे देश के समान पर उतना ही भारत सरकार को भी लगाना चाहिए। देश की सरकार के साथ देश का किसान मजदूर व्यापारी सब खड़ा है। किसी भी देश के आगे हमारे देश की सरकार को झुकाने की जरूरत नहीं है। पंचायत के बाद दर्जनों लोगों ने भारतीय किसान भानू की सदस्यता ग्रहण की। मोहम्मद अदनान को युवा प्रकोष्ठ का तहसील अध्यक्ष बनाया गया, जिलाध्यक्ष ने सभी मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल माला पहनाई। किसानों ने 11 फरवरी को बड़े धरने प्रदर्शन के लिए आह्वान किया। इस मौके पर प्रांतीय युवा उपाध्यक्ष मुराद खान, गुड्डू खान, अब्दुल सलमान, मोहम्मद अयान, सोनू मियां, काशिफ, फरजाना अली,श्याम मोहन पांडे, नाजिम, शाकिर, सलमानी, नाजिम, आदि रहे।



नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

● भाकियू भानू की पंचायत में जोरशोर से उठाया मुद्दा

# सोशल मीडिया पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी समाज के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने को लेकर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई।

शुक्रवार को नगर निवासी सुशील कुमार अपने साथियों के साथ कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोशल मीडिया पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी समाज के खिलाफ अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया। इससे न केवल सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है, बल्कि प्रभावित लोगों में भारी आक्रोश है। बताया कि कुछ लोगों ने अभद्र टिप्पणी करके सामाजिक विभेद, वैमनस्य और तनाव फैलाने के उद्देश्य से किया गया है। शिकायतकर्ता सुशील गंगवार ने बताया कि कुछ लोग संगठित रूप से कमजोर वर्गों को निशाना बनाकर उन्हें अपमानित और भड़काने का कार्य कर रहे हैं, जो सामाजिक सौहार्द, संवैधानिक मूल्यों और समानता के सिद्धांतों के प्रतिकूल है। उन्होंने सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के स्क्रीनशॉट पुलिस को देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने शिकायत पत्र लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मौके पर उमेश चंद्र पटेल, कमल पटेल, अशोक गंगवार, गजेंद्र गंगवार, धर्मेंद्र गंगवार, प्रेम कोहली, सुशील आर्य, सुशील गंगवार, सुरेंद्र गंगवार आदि उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली चोरी रिपोर्ट दर्ज

**मिलक, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी राम कुंवर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीते 19 जनवरी को वह अपने घर पर सो रहे थे और घर के सामने रघुवीर के खेत पर उनकी ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी। बताया कि जब सुबह वह जागे और ट्रैक्टर लेने गए तो वहां पर उनका ट्रैक्टर ट्राली गायब था।

उन्होंने बताया कि गांव निवासी इलियास वहीं पड़ोस में अपने नवनिर्मित मकान में रात को सोता था और जिस दिन ट्रैक्टर ट्राली चोरी हुई उसे दिन वह अपने घर में सोता हुआ नहीं दिखा। आरोप लगाया कि उनकी ट्रैक्टर ट्राली गांव निवासी इलियास ने ही चोरी कराई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ग्राम कल्याणपुर निवासी इलियास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दो कारों की आमने-सामने से भिड़ंत में तीन लोग घायल

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** धनोरा गांव के मोड़ पर बरात जा रही कार सामने से आ रही कार से टकरा गई। हादसे में दूल्हे का भाई और चाचा समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

लोगों ने बताया कि बारात मूंढापांडे क्षेत्र के आंवला घाटमपर गांव से शाहबाद क्षेत्र के टांडा गांव जा रही थी। बारात की एक कार से दूल्हा के चाचा रामपाल व भाई हरेंद्र और गंगाराम भी बारात में जा रहे थे। जैसे ही वह सैफनी थाना क्षेत्र के धनोरा गांव के मोड़ पर पहुंचे तभी सामने से आ रही कार से उनकी कार की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि दोनो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में रामपाल, हरेंद्र और गंगाराम बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद वेन्यू कार चालक मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को उपचार के लिए शाहबाद की सीएचसी केंद्र भिजवा दिया। तीनों घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कारें।

# नो पार्किंग जोन में खड़े रेत भरे वाहनों का चालान

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की शिकायत पर पुलिस ने नो पार्किंग जोन में खड़े होने वाले रेत के सात वाहनों के खिलाफ चालान कार्रवाई की गई। जिससे वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया।

शुक्रवार को बजरंग दल के जिला सहसंयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता ने पुलिस को अवगत कराया की रहमतगंज में रेत के कुछ ट्रक नो पार्किंग जोन में कतार में खड़े हैं। जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है और कई बार हादसे हो भी चुके हैं बजरंग दल नेता इस मामले में पूर्व में भी जिला अधिकारी को पत्र सौंप कर अवगत करा चुके हैं की नो पार्किंग जोन में वाहन नो एंट्री खुलने से पूर्व भी कतारबद्ध होकर सड़क के किनारे खड़े हो जाते हैं। जिससे काशीपुर मार्ग वनवे हो जाता है और मार्ग पर वाहनों के हादसे हो जाते हैं। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे और नो एंट्री जोन में खड़े रेत के वाहनों का चालान कर मिलक नौखरीद ओवरब्रिज के समीप खड़े कर दिए गए हैं। पुलिस की कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और नो एंट्री जोन में खड़े वाहनों को लेकर चालक इधर-उधर खिसक गए।



मसवासी में काशीपुर मार्ग पर चालान कार्रवाई के बाद खड़े रेत के वाहन। ● अमृत विचार

● बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हादसों को लेकर की थी शिकायत

### 1673 खनन वाहनों की जांच की

रामपुर, अमृत विचार : जिले में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर सघन निगरानी व कठोर कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार गुरुवार रात सभी तहसीलों में प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर कुल 10 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 8 बजे से प्रातः 7 बजे तक विशेष जांच अभियान संचालित किया गया। प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1673 वाहनों की सघन जांच की गई है।

## दो पक्षों में मारपीट 10 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सैफनी अमृत विचार :** सैफनी थाना क्षेत्र के करनपुर गांव निवासी अभिषेक चौधरी ने ने बताया कि 29 जनवरी को उनके खेत से उनके मोहल्ले के ही सतवीर के पत्नी सुमन उनके दोनों पुत्र कृष और कपिल व सुखबीर पुत्र मंगली उनके खेत से गन्ना निकाल रहे थे। विरोध किया तो वह लोग रात को 7 बजे उसके घर में घुस गए और गालियां देकर लाठी-डंडों से मारपीट की जिससे वह घायल हो गया।

पुलिस ने गुरुवार को एक महिला समेत सभी चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं मामले में दूसरे पक्ष की एक महिला ने 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ता परेशान

संवाददाता स्वार

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला खास स्वार स्थित कार्यालय पर गुरुवार रात उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की मासिक बैठक हुई। जिसमें व्यापार मंडल के नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने संगठन का विस्तार किया। अनवरी अली ने कहा कि व्यापारी बिजली के बिल को लेकर बहुत ज्यादा परेशान है।

उन्होंने कहा कि जो स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, उनमें से जो बिल निकाले जा रहे हैं वो कई गुना ज्यादा निकल रहे हैं। जिससे कि व्यापारी परेशान है 800 या हजार का बिल मासिक निकालना चाहिए। स्मार्ट मीटर लगने के बाद हर महीने 2500 से 3000 तक का बिल निकल रहा है, जिससे कि स्वार के व्यापारी बहुत ज्यादा रोष में है। बिजली का हाल यह है कि अगर जरा सा कहीं फाल्ट हो जाता है तो कई कई घंटे के लिए लाइट गुल हो जाती है अभी सर्दियों के मौसम में यह हाल है तो आने वाली गर्मियों में लाइट की व्यवस्था कैसी होगी यह सोच सोच कर जनता चिंता में है। हर माह बिल सही तरीके से नहीं निकाले गए तो व्यापारी रोड पर उतर कर प्रदर्शन करने को मजबूर होगें। इस मौके पर उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, हाशिम शान, गुड्डू हाफिज जी, फुरकान अली, अली रेहान अली, इरफान हुसैन, रईस, इरफान,मतलूब आदि मौजूद रहे।



बैठक में माला पहनाकर स्वागत करते नगर अध्यक्ष अनवर अली। ● अमृत विचार

● व्यापारी नेता अनवर अली ने कहा आ रहा अधिक बिल

# खतरे को दावत दे रहे जर्जर पोल

## कई जगह जमीन के पास पूरी तरह गल चुके हैं खंभे, ध्यान नहीं दे रहे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला पुराना गंज स्थित छतरी वाले कुएं के पास पंडित जी की गली के मोड़ पर खंभा ज़ंग खाकर गल चुका है। गला हुआ खंभा लोगों की जान का खतरा बना हआ है। मोहल्ला निवासियों ने जिलाधिकारी पोर्टल पर शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन, स्थिति जस की तस है। जंग लगे खंभे पर 11 हजार लाइन का लोड है। खंभा दरक कर दूसरे खंभे पर टिक गया है।

शहर में नवाबी दौर के खंभे लगे हुए थे लेकिन, वर्ष 2007 में शहर में लगे खंभों को बदलवा दिया गया था। महज 18 वर्ष में खंभे गलने लगे हैं जो कि, लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। पुराना गंज में छतरी वाले कुएं के पास कई वर्ष पूर्व खंभे के नीचे वाले भाग में ज़ंग लगना शुरू हुआ था और अनदेखी के चलते खंभा नीचे से पूरी तरह गल चुका है। गला हुआ खंभा झुक कर पास वाले खंभे से टिक गया है। बदहाल खंभें की शिकायत मोहल्ला निवासी अनुज गुप्ता ने जिलाधिकारी पोर्टल पर भी की थी। शिकायत किए हुए काफी समय बीत चुका है लेकिन, खंभे को नहीं बदलवाया गया है। इस खंभे पर 11 हजार लाइन गुजर रही है। खंभा गिरने पर कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



पुरानागंज में खतरे को दावत दे रहे बिजली के जर्जर पोल। ● अमृत विचार



जंक लगने के कारण गला हुआ खंभा।



खंभा नीचे से जंग खाकर गल चुका है इस सड़क से बिलासपुर गेट, दोमहला, घेर तोगां और पुराना गंज के लोग गुजरते रहते हैं। ज़ंग से गला हुआ खंभा कभी भी गिर सकता है। लोगों की जान को खतरा है। – प्रियांशु



पुराना गंज में छतरी वाले कुएं के पास लगा खंभा नीचे से गल चुका है। खंभा पास के खंभे से टिक गया है गर्मी के मौसम में आंधी चलने पर खंभा गिर सकता है। प्रशासन गले हुए खंभे को बदलवाए। – अंकुर गुप्ता



शहर में नवाबी दौर के खंभे 100 साल से अधिक समय तक लगे रहे लेकिन, उनमें कोई शिकायत नहीं आई। निगम ने उन खंभों को बदलवाकर दूसरे खंभे लगवाए हैं जो कि, गलने लगे हैं। – प्रमोद गुप्ता



छतरी वाले कुएं के पास गले हुए खंभे की जिलाधिकारी पोर्टल पर भी शिकायत की जा चुकी है। इसके अलावा मोहल्ले के लोगों ने विद्युत निगम के अधिकारियों से भी गला हुआ खंभा बदलवाने की मांग की है। – रवींद्र गुप्ता

# पति समेत 13 के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीम नगर पुलिस ने पति समय 13 आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के इमरता गांव निवासी बलजीत सिंह का विवाह दो माह पहले थाना टांडा के बैजना गांव निवासी अंजलि के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे विवाहिता संदिग्ध हालत में कमरे के अंदर फांसी पर लटकी मिली। मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही अजीमनगर पुलिस जिला अस्पताल पहुंच गई। पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। देर शाम को पुलिस ने शव का पंचनामा भरवारा। मायके वालों की तहरीर पर पुलिस ने देर रात को पति बलजीत, सास फूलवती, ससुर सुंदर, राजीव, सनी, विवेक, संजय, जेठानी, बहनोई, नंद, नंदोई सहित कुल 13 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी पति बलजीत सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# जिला क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता 14 फरवरी से

**रामपुर, अमृत विचार :** बीएसए सभागार में बीएसए कल्पना देवी की अध्यक्षता में जिला क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए कार्यकारिणी का गठन किया। 14 फरवरी को ज़िला क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता होनी है।

बैठक में स्वागत समिति, निर्णायक समिति, भोजन समिति, साज-सज्जा समिति, मंच संचालन, पुरस्कार वितरण समिति, प्रचार-प्रसार समिति को कार्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ संपादित करने के निर्देश दिए। जिससे प्रतियोगिता का आयोजन जिले के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत कर सके। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मिलक बबिता सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी शाहबाद अशोक कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी चमरौआ मदनलाल, जिला व्यायाम शिक्षक सलीम मियां, अनीसा लतीफ तथा सभी शिक्षक संघों के पदाधिकारी, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, एआरपी एवं खेल अनुदेशक गण उपस्थित रहे। बैठक का वातावरण उत्साह, प्रतिबद्धता एवं टीम भावना से परिपूर्ण रहा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग का आश्वासन दिया।

# साठा धान की खेती करने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि ग्रीष्मकालीन में साठा धान की खेती को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में लगाए गए प्रतिबंध के सकारात्मक परिणामस्वरूप जनपद के डार्क श्रेणी के चार विकासखंड चमरौआ, सैदनगर, स्वार तथा शाहबाद अब डार्क श्रेणी से बाहर होकर सामान्य श्रेणी में आ चुके हैं।

उन्होंने बताया कि यदि किसानों द्वारा साठा धान बोए जाने पर संबंधित के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जिले में 10,000 से 15,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर ग्रीष्मकालीन साठा धान की खेती की जाती रही है। यह खेती फरवरी से मई माह के मध्य होती है, जिसमें वर्षा की कोई संभावना नहीं रहती तथा पूरी तरह भूमिगत जल पर निर्भरता रहती है। अत्यधिक जल दोहन के कारण भूजल स्तर निरंतर गिर रहा है, जिससे भविष्य में गंभीर जल संकट की आशंका है। ग्रीष्मकालीन धान की खेती में पडलिंग की प्रक्रिया से मिट्टी की सतह कठोर हो जाती है, जिससे वर्षाकाल में जल का समुचित रिसाव नहीं हो पाता। मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा प्रभावित होती है। इसके अतिरिक्त फसल अवशेष जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिसका मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वैज्ञानिक शोध के अनुसार एक किलोग्राम चावल उत्पादन में लगभग 4,800 लीटर पानी की आवश्यकता होती है।

● **जिले में साठा धान की खेती हुई प्रतिबंधित**

### कम पानी में अधिक लाभ देने वाली फसलों पर जोर

ग्रीष्मकालीन मे साठा धान के स्थान पर कम पानी में अधिक लाभ देने वाली फसलें मक्का, उड़द, मूंग, सूरजमुखी एवं सब्जियों की खेती की जा सकती है। कृषि विभाग के राजकीय कृषि बीज भंडारों से मक्का, उड़द एवं मूंग के बीज कृषकों को अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। वर्तमान में संबंधित फसलों के बीज जनपद के निजी बीज विक्रेता केंद्रों पर भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इससे किसानों को लाभ होगा।

# रोज-डे आज, वेलेंटाइन वीक की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आज से रोज-डे के साथ वेलेंटाइन वीक की शुरुआत हो रही है। वेलेंटाइन वीक में प्रेमी-प्रेमिका ही नहीं, पति-पत्नी, दोस्त, परिवार के लोग एक दूसरे को फूल भेंट कर प्यार का इजहार कर सकते हैं। शुक्रवार को बाजारों में सर्वाधिक लाल गुलाब के फूलों की खूब बिक्री हुई। जबकि बाजार फूलों से गुलजार हो गया है।

शहर के बाजार मिस्टन गंज, पुराना गंज, हामिद गेट, सिविल लाइंस में फूलों की खूब बिक्री हुई। आठ फरवरी को प्रपोज डे मनाएंगे। नौ फरवरी को चॉकलेट डे मनाया जाएगा। एक दूसरे को चॉकलेट खिलाते हैं ताकि जिंदगी में चॉकलेट की तरह मिठास रहे। 10 फरवरी को टेडी बियर डे, 11 फरवरी को प्रॉमिस-डे मनाया जाएगा। 12 फरवरी को हग डे, 13 फरवरी को किस डे मनाया जाएगा। 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे मनाने की तैयारियां भी चल रही हैं। मिस्टन गंज स्थित फूलों के दुकानदार रमेश सैनी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह से ही फूलों की खूब बिक्री हुई है। लाल गुलाब मांग काफी रही जिसके चलते फूलों की कीमत तीन सौ रुपये किलो तक पहुंच गई। हामिद गेट स्थित मार्केट में प्रबल चावला बताते हैं कि इस बार वैलेंटाइन वीक के लिए तरह-तरह के गिफ्ट आए हैं।



गिफ्ट सेंटर में सजे गुलाब के फूल।

# डॉ. अमान ने एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण की

**स्वार, अमृत विचारः** स्वार निवासी डा. अमान अहमद पुत्र फरीद अहमद ने फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन में सफलता प्राप्त की है। एफएमजीई परीक्षा भारत में विदेशी मेडिकल डिग्री धारकों के लिए चिकित्सा अभ्यास के लिए अनिवार्य मानी जाती है। डा. अमान अहमद की प्रारंभिक शिक्षा सेंट मैरी स्कूल बाजपुर से हुई। उन्होंने रूस के पर्म स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की। एफएमजीई परीक्षा में सफलता मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है। डा. अमान अहमद ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता, शिक्षकों और परिवार को दिया।



डा. अमान अहमद।

# परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ वैभव ने की वार्ता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सेंट पॉल्स स्कूल का छात्र वैभव प्रजापति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए। शुक्रवार को स्कूल में छात्र-छात्राओं ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण देखा। वैभव ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि तनावमुक्त रहकर परीक्षा में शामिल हों। छात्र ने कहा कि यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति का प्रयास नहीं, बल्कि सभी के सामूहिक सहयोग, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा का परिणाम है।

स्कूल में सभी छात्र-छात्राएं, प्रधानाचार्य, शिक्षक और निदेशक वैभव प्रजापति को प्रधानमंत्री के साथ देखकर बहुत खुश हुए। छात्र वैभव ने कहा कि वह स्वयं को केवल एक माध्यम मानते हैं और इस सफलता में विद्यालय परिवार एवं उनके अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वैभव प्रजापति ने विद्यालय की अध्यापिका मोबिना मसूद एवं आइरिन मैरी का आभार जताया। पत्रकार वार्ता में प्रधानाचार्य मनोज पाठक ने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर विद्यालय से कुल 18 विद्यार्थियों का चयन किया गया था। इन विद्यार्थियों का चयन उनकी शैक्षिक योग्यता, विषयों की समझ, अभिव्यक्ति क्षमता एवं समग्र व्यक्तित्व के आधार पर हुआ था। इसके पश्चात द्वितीय चरण में कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत केवल 3 विद्यार्थियों का चयन किया गया। निर्णायक चरण में छात्र वैभव प्रजापति का चयन हुआ। जिन्होंने अपने उत्कृष्ट ज्ञान, आत्मविश्वास एवं संतुलित व्यक्तित्व के माध्यम से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। उन्होंने यह भी बताया कि यह संपूर्ण चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं विशेषज्ञों की देखरेख में संपन्न हुई। प्रधानाचार्य ने कहा कि वैभव प्रजापति की सफलता विद्यालय के शैक्षिक वातावरण, अनुशासन, शिक्षकों की प्रतिबद्धता एवं विद्यार्थियों की मेहनत का सामूहिक परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि वैभव की उपलब्धि आने वाले समय में विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय के निदेशक डॉ. अरुण दयाल ने कहा कि सेंट पॉल्स स्कूल सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।




कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वार्ता करते वैभव प्रजापति।



परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम देखते स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

● **सेंटपाल स्कूल का छात्र है वैभव प्रजापति, स्कूल में छात्र-छात्राओं ने देखा सीधा प्रसारण**

# कुरान हाफिज करने वाले देते हैं अमन का पैगाम

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** गुरुवार की देर रात बिजारखाता के मदरसा शमसुल इस्लाम रिजविया में कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम हुआ। नाजिम ए आला मौलाना दिलशाद रजा नूरी ने कहा कि मदरसे दीन के किले हैं यहां हिफ्ज करने वाले अमन और शांति का पैगाम देते हैं। मदरसे इंसानियत का पैगाम देते हैं।

उन्होंने कहा कि मदरसों से निकलने वाले कुरान हाफिज अल्लाह और उसके रसूल को सीने में रखकर दुनिया को तहजीब का पैगाम देते हैं। कुरान हाफिज के दिल में अल्लाह की किताब कुरआन ए पाक महफूज रहता है। अल्लाह हाफिज और उसके परिवार वालों के गुनाह माफ कर देता है। नमाज रोजे की पाबंदी करनी चाहिए, इससे अल्लाह ताला खुश होता है। नबी ए करीम (स.अ.) के वसीले में गुनाहों की मगफिरत हो जाती है। उत्तराखंड के गदरपुर से आए मौलाना मुबारक अली ने कहा कि मदरसों से कुरान हाफिज बनने वाले हाफिज गुनाहों से महफूज होते हैं और उन पर अल्लाह की रहमत बरसती है। केलाखेड़ा के मौलाना राशिद हुसैन मिस्बाही ने कहा कि मदरसों से इंसानियत का पैगाम जाता है। इस दौरान मुरादाबाद के मौलाना हम्माद साहब, कारी युसूफ कमाल, मुफ्ती ताजीम, मौलाना इलियास, मुफ्ती आसिफ रजा, कारी अब्दुल गफ्फार, कारी अस्बे अली, आदि ने भी कॉन्फ्रेंस में किताब फरमाया। कॉन्फ्रेंस से पूर्व कुरान हिफ्ज करने वाले मोहम्मद आदिल, मोहम्मद शाहवेज, मोहम्मद अमान, मोहम्मद रिहान, सरफराज अहमद, सुहेल अहमद, मोहम्मद जीशान की दस्तारबंदी की गईं। इस दौरान उनके परिवार वाले भी मौजूद रहे।




जलसे में खिताब फरमाते उलेमा। ● अमृत विचार

● **कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद रहे लोग**

# महिलाओं को सुरक्षा और स्वावलंबन का दिया संदेश

**चंदौसी, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति अभियान के फेज-5.0 के अंतर्गत शुक्रवार को महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया।

मिशन शक्ति टीम की महिला पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं से संवाद कर उनकी सुरक्षा, अधिकारों और समस्याओं के समाधान की जानकारी दी। एंटी रोमियो टीम ने बाजारों, स्कूल-कॉलेजों, चौराहों व धार्मिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं को सरकारी योजनाओं व सुरक्षा सेवाओं से अवगत कराया। इस दौरान 1090, 112, 1076, 181, 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी पंपलेट के माध्यम से दी गई, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर और सुरक्षित बन सकें।

# मौसम में बदलाव से बढ़ी मरीजों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौसम में उतार-चढ़ाव होने से जिला अस्पताल में रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है ।ऐसे में लापरवाही नहीं बरतें। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. डीके वर्मा बताते हैं कि मौसम के उतार चढ़ाव का असर हृदय की धमनियों तक पड़ता है।

जिसके कारण हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। दिल के मरीजों को घरों से निकलने से बचना चाहिए। जाता सर्दी का मौसम सबसे ज्यादा बीमार, बुजुर्गों और बच्चों को बीमार बनाता है। जिला अस्पताल में 500 से 1100 तक ओपीडी पहुंच रही है। मौसम में मामूली सी लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि एहतियात बरती जाए। बदलते मौसम में फैट वाली चीजें खाना और सिगरेट शराब आदि का सेवन बिल्कुल बंद कर दें। सुबह-शाम को मौसम में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में बाहर निकलें तो अच्छी तरह से ऊनी वस्त्र पहनकर और सिर पर टोपी आदि लगाकर निकलें। खासकर दिल के मरीजों के लिए मौसम खतरे की चेतावनी लेकर आता है। इसलिए हृदय रोगियों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। बताया कि जिला अस्पताल में ओपीडी 500 से 1100 तक पहुंच रही है। फिलहाल अधिकतर मरीज नजला, जुकाम, बुखार और मधुमेह के पहुंच रहे हैं।



जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

> कभी गर्मी और कभी सर्दी होने मेटाबॉलिज्म पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इस मौसम में कोल्ड डायरिया का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा मौसम के उतार-चढ़ाव का असर हृदय की धमनियों पर भी पड़ता है। हृदय रोगियों को बदलते मौसम में बहुत एहतियात बरतने की जरूरत है।
> – **डॉ. दीपा सिंह,** मुख्य चिकित्साधिकारी

# वीर खालसा समिति ने वितरित किए कंबल

**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति की महिला विंग द्वारा शुक्रवार को जरूरतमंदों को कंबल वितरण किए गए। महिला विंग की वरिष्ठ सदस्य अंजू अरोड़ा ने कहा जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुणे का कार्य है।

वीर खालसा सेवा समिति हमेशा ही जरूरतमंदों की मदद करती है। आगे भी हम सभी जरूरतमंदों की मदद को तैयार रहेंगे। इस मौके पर अंजू अरोड़ा, रितु अग्रवाल, नवनीत कौर, सीमा भाटिया, शेफाली अरोरा और शिलाजी मौजूद रहीं।

● **समिति के लोगों ने कहा जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ा पुण्य**

**बोर्ड परीक्षा** | 18 फरवरी से यूपी बोर्ड और 19 फरवरी से सीबीएसई बोर्ड की शुरू होंगी परीक्षायें

# बेहतर परिणाम के लिए छात्र-छात्राओं ने शुरू की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई और यूपी बोर्ड की परीक्षाएं पास आते ही छात्र-छात्राओं ने तैयारी शुरू कर दी है। पाठ्यक्रम के मुताबिक छात्र-छात्राएं तैयारी कर रहे हैं। स्कूलों में शिक्षक भी बच्चों को खूब मेहनत करा रहे हैं। 19 फरवरी से सीबीएसई जबकि, 18 फरवरी से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हो रही है।

परीक्षा में अच्छे नंबरों से पास होने के लिए देर रात तक स्टडी की जा रही है। सीबीएसई और यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राओं को घबराहट जबकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पर चर्चा में छात्र-छात्राओं से दो टूक कह चुके हैं कि परीक्षा के लिए तनाव में नहीं रहें और फ्री माइंड होकर परीक्षा में शामिल हों। बच्चों से कहा कि किसी के कहने पर कुछ नहीं करें बल्कि, जो मन में है वह करें। कहा कि मेरे प्रधानमंत्री बनने के बाद भी कोई मुझ से कहता है ऐसे करो कोई कहता है वैसे करो। बच्चे एक पैटर्न पर पढ़ाई करें और अच्छे नंबरों से पास हों। परीक्षा दबाव में नहीं लें हंसी-खुशी परीक्षा में शामिल हों। कक्षा 10 के छात्र मोहम्मद अहमद बताते हैं कि वह देर रात तक पढ़ते हैं। बताते हैं कि उनकी पढ़ाई में मोबाइल भी अच्छी भूमिका निभा रहा है। कई ऐप ऐसे हैं जहां अच्छे शिक्षक सवालों के जवाब लिखने का सरल तरीका बता रहे हैं।



हाई स्कूल की परीक्षा देने की तैयारी कर रहा हूं। पहली बार बोर्ड परीक्षा है इसलिए बहुत घबराहट है कि अच्छी तरह पेपर हो जाएं और मैं अच्छे नंबरों से पास हो जाऊं। पास होने के लिए अल्लाह से दुआ भी कर रहे हैं। – सुभान खां



12वीं की परीक्षा के लिए तैयारी तेज कर दी है। उम्मीद है कि अच्छे नंबरों से पास हो जाएंगे। तड़के में उठकर पाठ्यक्रम का रिवीजन करते हैं। बड़े बताते हैं कि तड़के का पढ़ा हुआ बहुत समय तक याद रहता है। – फैजुल



सीबीएसई में 12वीं की परीक्षा की तैयारी पूरी शिद्दत से कर रहा हूं। पढ़ाई करते-करते पता ही नहीं चलता कि कब रात गहरा गई। पढ़ाई के साथ इबादत भी कर रहे हैं ताकि, अल्लाह भी हमारी मदद करे। – आफताब सैफी



परीक्षा के लिए दो महीने से तैयारी शुरू कर दी थी। लेकिन, परीक्षा के करीब आते ही तैयारी भी दिनों रात कर रहे हैं। रात को 8 बजे से पढ़ने बैठ जाते हैं और जब नींद आने लगती है सो जाते हैं। फिर तड़के में पढ़ाई करते हैं। – मनप्रीत

### सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में अपनाना होगा सेक्शनवाइज आंसर फार्मेट

**रामपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में परीक्षार्थियों को सेक्शन वाइज आंसर फॉर्मेट अपनाना होगा। उत्तर पुस्तिका में परीक्षार्थियों को सेक्शन के मुताबिक उत्तर लिखना होगा। सिटी कोऑर्डिनेटर ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने बताया कि सेक्शन की बाउंड्री को नजर अंदाज करने पर सही जवाब के भी नंबर नहीं मिलेंगे। सीबीएसई ने प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए नए नियम जारी किए हैं। 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सेक्शन-वाइज आंसर फॉर्मेट अपनाना जरूरी है। स्टूडेंट्स को आंसर सेक्शन के हिसाब से लिखने होंगे। जैसे, साइंस में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, हिस्ट्री, ज्योग्राफी, सिविक्स, इकोनॉमिक्स में आंसर मिलाने या सेक्शन की बाउंड्री को नजरअंदाज करने पर री-इवैल्यूएशन के बाद भी कोई मार्क्स नहीं मिलेंगे। सिटी कोऑर्डिनेटर ने बताया कि साइंस में तीन सेक्शन हैं इसलिए आंसरशीट को बायोलॉजी, केमिस्ट्री और फिजिक्स को अलग-अलग बांटें। सोशल साइंस को चार सेक्शन में बांटे। हिस्ट्री, ज्योग्राफी, पॉलिटिकल साइंस और इकोनॉमिक्स को अलग-अलग रखें। आंसर सिर्फ उसी सेक्शन के लिए तय जगह पर लिखे जाने चाहिए। अगर फिजिक्स का आंसर केमिस्ट्री सेक्शन में लिखा जाता है, तो उसे चेक नहीं किया जाएगा। आंसर लिखने से पहले आंसर बुकलेट में हर सेक्शन को साफ-साफ लेबल करें। सेक्शनिंग में गलतियों को वेरिफिकेशन या री-इवैल्यूएशन के दौरान ठीक या रिव्यू नहीं किया जाएगा। छात्र-छात्राएं एग्जाम के शुरुआती कुछ मिनटों का इस्तेमाल आंसर बुकलेट को स्ट्रक्चर करने और अलग-अलग सब्जेक्ट्स के लिए सेक्शन अलग करने में करें।

# शिक्षक शकील अंसारी सम्मानित




शकील अंसारी को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

**रामपुर,अमृत विचारः** ग्रीनवुड स्कूल के शिक्षक शकील अंसारी को श्री बालाजी विकास सेवा संस्थान द्वारा विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। श्री बालाजी विकास सेवा संस्थान समाज में उत्कृष्ट कार्यों को लेकर समाजसेवियों को सम्मानित करती है। शकील अंसारी ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कॉमर्स के प्रवक्ता हैं। उनको अध्यापन के क्षेत्र में समाज उपयोगी कार्य के लिए सम्मानित किया गया। ग्रीनवुड के प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने शकील अंसारी को यह सम्मान देकर सम्मानित किया। उनके उल्लेखनीय कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# रसायन विज्ञान में संख्यात्मक प्रश्नों का विशेष महत्व

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जैन इंटर कॉलेज के रसायन विज्ञान प्रवक्ता डॉ. गौरव वार्ष्णेय ने यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट में रसायन विज्ञान परीक्षा को लेकर कुछ सुझाव दिए हैं। बताया कि विद्यार्थियों के लिए ये परीक्षाएं न केवल अंक प्राप्ति की दृष्टि से अहम है, बल्कि मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की नींव भी तैयार करता है। रसायन विज्ञान में समीकरण, सूत्र और संख्यात्मक प्रश्नों का अत्यंत महत्व है।

उत्तर लिखते समय साफ-सुथरी लिखावट का विशेष ध्यान रखें। रसायन विज्ञान में समीकरण, सूत्र और संख्यात्मक प्रश्नों का अत्यंत महत्व होता है। जहां भी आवश्यक हो, वहां सही सूत्र लिखें और संख्यात्मक प्रश्नों में पूरा हल विधि सहित प्रस्तुत करें। केवल अंतिम उत्तर लिखने से पूर्ण अंक नहीं मिलते। सभी रासायनिक समीकरणों को संतुलित रूप में ही लिखें। ऑर्गेनिक केमिस्ट्री के प्रश्नों में संरचनात्मक सूत्र और अभिक्रियाओं को स्पष्ट रूप से लिखें। नामकरण में नियमों का पालन करें। इनऑर्गेनिक केमिस्ट्री में परिभाषाएं, कारण बताओ प्रकार के प्रश्न और तालिकात्मक उत्तर प्रभावी माने जाते हैं। फिजिकल केमिस्ट्री में इकाइयों का सही प्रयोग करें, क्योंकि यूनिट न लिखने पर भी अंक काटे जाते हैं। डायग्राम आधारित प्रश्नों में पेंसिल का प्रयोग करें और सभी भागों को स्पष्ट रूप से लेबल करें। डायग्राम साफ और सही अनुपात में होना चाहिए। उत्तर की लंबाई प्रश्न के अंकानुसार रखें, न बहुत छोटा और न ही अनावश्यक रूप से लंबा। समय प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है, इसलिए परीक्षा के अंतिम 10-15 मिनट उत्तर पुस्तिका की जांच के लिए अवश्य रखें। मानसिक संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है।



डॉ. गौरव वार्ष्णेय।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## किसी काम से अमरोहा आया था बिजनौर का युवक, लौटते समय हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** गांव रजाकपुर के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया।

यह हादसा शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे थाना नौगांवा सादात क्षेत्र में अमरोहा-बिजनौर मार्ग पर गांव रजाकपुर के पास हुआ। बिजनौर जनपद के थाना शिवाला क्षेत्र के गांव यूसुफपुर निवासी बृजेश पुत्र सुरेश किसी काम से अमरोहा आए थे। सुबह करीब 10 बजे वह अमरोहा से बाइक से अपने घर जा रहे थे। गांव रजाकपुर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। बृजेश सड़क पर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक की पहचान कर पुलिस ने पहले परिजनों को सूचित किया। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया है। दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लिया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



क्षतिग्रस्त बाइक।



सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

### कार की टक्कर से बाइक सवार बहन-भाई घायल

हसनपुर, अमृत विचार : गजरौला थाना क्षेत्र के गांव नगलिया टोकरा निवासी सुरेश पुत्र जय किशन अपनी बहन पलक व ममेरी बहन राधिका के साथ शुक्रवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर भूड़ रिश्तेदारी से लग्न समारोह में दावत खाकर घर लौट रहे थे। गजरौला मार्ग पर मनौटा पुलिया के निकट पीछे से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक पर सवार तीनों बहन भाई सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों के द्वारा घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने तीनों बहन भाइयों को हायर सेंटर रेफर कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी कर कार की तलाश शुरू कर दी है।

### जायरीनों की कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

हसनपुर, अमृत विचार : हज उमरा के लिए दिल्ली जा रहे जायरीनों की कार ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव जखेड़ा निवासी गिरबल पुत्र लल्लू बाइक पर सवार होकर कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर अपने रिश्तेदारी में आ रहा था। इसी दौरान संभल जनपद के थाना असमोली क्षेत्र से जायरीनों को लेकर दिल्ली जा रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। गिरबल का पैर फ्रैक्चर हो गया और वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। मनोटा चौकी इंचार्ज देशपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने कार के चालक को हिरासत में ले लिया है।

## एसबीआई की शाखा में नई करेंसी को लेकर हंगामा

**मंडी धनौरा ,अमृत विचार:** नगर के बाईपास स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में नई करेंसी को लेकरभारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नेता और बैंक कर्मचारी के बीच तीखी बहस हो गई। प्रबंधक ने मामले को लेकर बीच बचाव कराया।

दरअसल शादी-विवाह के सीजन के चलते नई करेंसी की मांग लगातार बढ़ रही है, जबकि सीमित आपूर्ति के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नेता उपकार त्यागी शुक्रवार को नई करेंसी लेने के लिए बैंक पहुंचे थे।

उन्होंने 10-10 रुपये की दो गड्डियों की मांग की। बैंक कर्मचारी चेतन ने करेंसी स्टॉक सीमित होने का हवाला देते हुए एक गड्डी 10 रुपये और एक गड्डी 20 रुपये के नोट देने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई, जो देखते ही देखते तेज हो गई।

शाखा प्रबंधक मोहित कुमार ने दोनों को शांत कराया। इसके बाद शाखा प्रबंधक ने यूनियन नेता को उनकी मांग के अनुसार नई करेंसी उपलब्ध कराकर विवाद का समाधान किया।

# रास्ते के विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

- पुलिस ने दोनों तरफ से सात लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट
- दोनों पक्ष एक ही परिवार से हैं पिछले दिनों हुई थी मारपीट

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** रास्ते के विवाद को लेकर एक ही परिवार के लोगों में मारपीट हो गई। परिजनों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बावजूदपुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। परिजनों ने एसपी को शिकायती पत्र दिया। जिसके बाद पुलिस ने चार नामजद सहित दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव सदरपुर में तेजेंद्र सिंह और अनिल कुमार का परिवार रहता है। दोनों चचेरे-तहेरे परिवार हैं। तेजेद्र सिंह का आरोप है कि 27 जनवरी की शाम को अनिल कुमार, मनीष कुमार गोलू, सरबजीत उर्फ और पिंकू शराब के नशे में उनके घर में घुस आए। उन्होंने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। उसने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोप है कि थाना रजबपुर में लिखित शिकायत दी थी। हालांकि, पुलिस ने केवल जांच का आश्वासन देकर उन्हें वापस भेज दिया। 29 जनवरी को वही आरोपी दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ दोबारा उनके घर पहुंचे। उन्होंने जान से मारने की धमकी देते हुए अवैध असलहे से फायरिंग की। इस घटना की सूचना भी 30 जनवरी 2026 को पुलिस को दी लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद से मिलकर मामले की जानकारी दी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने अनिल कुमार, मनीश उर्फ गोलू, सरनजीत उर्फ छोटू, पिंकू व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं दूसरे पक्ष की तरफ से पुलिस ने अनिल कुमार की तहरीर पर तीन नामजद देवेंद्र सिंह, तेजेंद्र व दीशू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अरोप है कि 27 जनवरी को ही तीनों ने रास्ते के विवाद को लेकर लाठी डंडो से मारपीट की थी। थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि दोनों परिवारों के बीच रास्ते पर निकलने को लेकर विवाद चल रहा है। दो पक्षों में मारपीट हुई थी। दोनों की तरफ से रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## ब्रीफ न्यूज

### हाईटेंशन तार बुग्गी पर गिरा, बैल की मौत

**बिजनौर , अमृत विचार :** कस्बा झालू के मौहल्ला अमरूवाला निवासी किसान दिलावर सिंह खेत से बैल-बुग्गी लेकर लौट रहे थे। तेज हवा में ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार इंसुलेटर से खुलकर बैल पर गिर गया। करंट की चपेट में बैल की मौके पर ही मौत हो गई।

### स्कूटी फिसली, दंपती व तीन बच्चे घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** अमरोहा में कांठ रोड निवासी सचिन अपनी पत्नी सुशीला व बच्चों के साथ शुक्रवार की दोपहर किसी काम से बृजघाट की तरफ जा रहा था। गजरौला स्थित नेशनल हाईवे पर गांव मोहम्दाबाद के पास उसकी स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई। दंपती व तीन बच्चे घायल हो गए।प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नीट की परीक्षा में अर्जित की सफलता



उषा।



कपिल कुमार।

**हसनपुर, अमृत विचार :** नीट में हसनपुर तहसील क्षेत्र के दो होनहारों उषा राणा और कपिल कुमार ने सफलता पाई है। गांव ढकिया खादर निवासी कपिल कुमार पुत्र विजयपाल सिंह ने नीट में सफलता पाकर गांव व परिवार का नाम रोशन किया है। वहीं गांव खुशहालपुर निवासी उषा राणा पुत्री दौलत राम राणा के नीट पास करने पर परिजन उत्साहित हैं। सफलता पर अपने गांव के बच्चे के सफल होने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने दोनों होनहार को सम्मानित किया और पूरे गांव में मिष्ठान का वितरण कराया।

### कैटर कैचर वाहन में लगी आग

**हसनपुर,अमृत विचार :** गांव मंगरौली मैं सड़क किनारे अस्थाई गौशाला बनी हुई है। जिसमें लगभग 72 गोवंशीय पशु रहते हैं। शुक्रवार की देर रात्रि गौशाला के ऊपर से गुजर रही उच्च शक्ति विद्युत लाइन का तार टूट कर गिर गया। इससे पशु वाहन में आग लग गई। गौशाला कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। गौशाला में आग लगने की सूचना पर उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल एवं विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# युवती के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** युवती को प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

शहर की एक युवती के फोन पर एक साल पूर्व किसी युवक का मैसेज आया था। जबाव नहीं देने पर युवक ने उसे कई बार मैसेज किया व फिर एक बार मिलने की बात कही थी। युवक ने अपना धर्म छिपाते हुए खुद को हिन्दू बताया व युवती को शादी करने का झांसा देकर प्रेमजाल में फंसा लिया । इसके बाद 22 मार्च को युवती युवक से मिलने चली गई थी। युवक ने युवती को अपनी कार में बैठाया व पक्का पुल की ओर ले गया था। वहां आरोपी ने युवती के साथ शादी करने का प्रस्ताव रखा था। आरोप है कि युवक ने जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए व जल्द शादी करने की बात कही थी। इस बीच युवती जब गर्भवती हुई, तो युवक ने दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया था। आरोपी ने कई बार में युवती से हजारों रुपये हड़प लिए थे। इसके बाद आरोपी के दोस्त ने भी रुपये की मांग की तो युवती ने मना कर दिया था। आरोपी का दोस्त युवती को अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा । इस बीच युवती ने अपने जेवर भी उसे दे दिए थे। परेशान होकर पीड़िता ने मोहल्ला विजयनगर निवासी साहिल व जुनैद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को पुलिस ने साहिल को गिरफ्तार कर लिया तथा आरोपी जुनैद की गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर दबिश दी।

## प्लेसमेंट ड्राइव में 29 छात्रों का चयन

**बुरावली, अमृत विचार:** न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र के राजकीय पॉलीटेक्निक सुतावली में दूसरे दिन प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन प्रधानाचार्य लखमी चन्द के नेतृत्व में कराया गया।

राजकीय पॉलीटेक्निक सुतावली तथा राजकीय पॉलीटेक्निक कटाई, जोया की ब्रांच केमिकल इंजी०, केमिकल इंजी० (पेट्रो) के अंतिम वर्ष के कुल 53 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

रोजगार मेले में सिंथिमेड लैब्स बहुप्रतिष्ठित कंपनी ने प्रतिभाग किया। इसमें दोनों संस्थाओं के कुल 29 छात्रों का चयन हुआ । कमल कुमार, सौरभ कुमार, अश्वनी कुमार, मोहम्मद नासिर, डॉ० जितेन्द्र कुमार, सुश्री साक्षी शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# कृमि से बच्चों में होता है कुपोषण

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की सफलता के लिए शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, हसनपुर



प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के बीआरसी चन्दनपुर खादर पर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आगामी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल क्रियान्वयन के लिए आयोजित इस कार्यशाला में ब्लॉक के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों तथा इंचार्ज अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

बीईओ अनिल कुमार ने कहा कि बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य उनकी शैक्षणिक प्रगति का आधार है। यदि बच्चा कृमि से ग्रसित है, तो वह कुपोषण और एनीमिया का शिकार हो जाता है, जिससे उसकी पढ़ाई प्रभावित होती है। उन्होंने सभी शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों को दवा का सेवन सुनिश्चित कराएं। डॉ. धीरज नारायण ने शिक्षकों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने की विधि और उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, डॉ. इमरान खान, डॉ. हरदेव सिंह, बिजेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, सरफराज अली, ऋषिपाल सिंह, राजीव कुमार, सतीश कुमार,भागेश कुमार, जयपाल सिंह,नाजिर अली, फैजान हस्मत आदि मौजूद रहे।

## पकौड़ी जल्दी लेने को लेकर मारपीट में दो घायल

**हसनपुर,अमृत विचार:** सैदनगली के कस्बा ऊझारी निवासी राजवीर पकौड़ी का ठेला लगाता है। शुक्रवार की दोपहर वह मोहल्ला खंकर वाला कुआं निवासी मोहम्मद आसिफ को पकौड़ी दे रहा था। इसी दौरान तीन युवक बाइक से आए और पकौड़ी मांगने लगे। कुछ देर खड़े होने के लिए कहा तो वह गाली देने लगे। आसिफ ने गाली देने को मना किया तो आरोपियों ने ठेला से पलटा उठाकर आसिफ के सिर पर दे मारा। राजवीर की भी पिटाई कर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा,जहां आसिफ की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। कस्बा इंचार्ज राम प्रसाद ने बताया कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है जांच की जा रही है।

# बोर्ड बैठक में विकास के कई प्रस्तावों को मंजूरी

- नगर पालिका बोर्ड की बैठक में 52 करोड़ 94 लाख रुपये का बजट पारित

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद गजरौला की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए 52 करोड़ 94 लाख रुपये का बजट पारित हुआ।

शुक्रवार को सुबह दस बजे से प्रारंभ हुई बोर्ड की बैठक में चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा एवं नगर स्वच्छता प्रेरक,पूर्व विधायक हरपाल सिंह की उपस्थिति में बैठक का संचालन करते हुए अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने गत बैठक की पुष्टि करते हुए बजट का विषय रखा। बोर्ड बैठक में नगर के विकास हेतु 1000 पीसीसी पोल एवं पोलो पर एबीसी की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कराये जाने, निकाय क्षेत्रन्तर्गत 150 हैण्डपम्प रिबोर कराये जाने, प्रकाश व्यवस्था हेतु 120 वाट के 1000, 90 वाट के 1000 एवं 50 वाट के 1000 एलईडी स्ट्रीट लाईट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कराये जाने, पेयजल व्यवस्था हेतु विभिन्न स्थानों पर एचडीपीई पाईप लाईन के विस्तारीकरण कराये जाने, 20 वाटर कूलर की आपूर्ति/अधिष्ठापन कराये जाने, जीर्ण-शीर्ण सड़कों के निर्माण, पुनर्निमाण-मरम्मत कराये जाने, प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ किये जाने हेतु लाईटों की मरम्मत सामग्री आपूर्ति किये जाने, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अन्तर्गत धनराशि प्राप्त कर कार्य कराये जाने, वन्दन योजना के अन्तर्गत धनराशि प्राप्त कर कार्य कराये जाने, शहर के प्रमुख स्थानों पर सौन्दर्यकरण एवं सेल्फी प्वाइंट का निर्माण कराये जाने, डिवाईडरों के निर्माण, पुनर्निमाण, मरम्मत-सौन्दर्यकरण कराये जाने, 100 सोलर लाईटों की आपूर्ति, 200 नग डेकोरेटिव पोल मय लाईट के की आपूर्ति, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत कार्य, कूड़ा निस्तारण हेतु 02 छोटे एवं 02 बड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली, 05 टाटा एस एवं 01 डम्पर क्रय किये जाएंगे। नाला एवं नालियों की मरम्मत, कीटनाशक दवाई, चूना, ब्लीचिंग पाउडर एवं क्लोरिन की आपूर्ति, पुराने ट्यूबवेलों की मरम्मत एवं 05 नये ट्यूबवेल की व्यवस्था, मुख्य मार्गों पर स्वागत द्वार, फाउंटेन व सेल्फी प्वाईंट, मायापुरी स्थित महर्षि बाल्मीकि धर्मशाला के सौन्दर्यीकरण समेत अन्य प्रस्तावों को पारित किया गया।

बैठक में सभासदों ने अपने अपने वार्डों में आवश्यकतानुसार प्रस्ताव पर कार्य कराने की मांग की। बैठक में लेखाकार आदेश कुमार अग्रवाल, लिपिक ललित कुमार, इरशाद खां, अजय गोस्वामी, वंदना अग्रवाल, रविन्द्र सिंह, अक्षय शुक्ला समेत सभी सभासद मौजूद रहे।



बोर्ड की बैठक में मौजूद हरपाल सिंह, ईओ व सभासद। • अमृत विचार

## पत्नी से विवाद में युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**गजरौला,अमृत विचार:** पत्नी के विवाद के चलते युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

मोहल्ला मछली मंडी निवासी साजिद मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। शुक्रवार की दोपहर किसी बात को लेकर उसका उसकी पत्नी मुमताज से विवाद हो गया। शोर-शराबा होने पर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने उस समय समझाकर दोनों को शांत करा दिया था। इसके बाद साजिद ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। परिवार वाले युवक को सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृतक घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग



वरिष्ठ उप निरीक्षक से मिलता असपा का एक प्रतिनिधिमंडल। • अमृत विचार

**हसनपुर,अमृत विचार:** असपा के मंडल प्रभारी पर दबंगों द्वारा किए गए हमले में मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ उप निरीक्षक से मिला।

नगर के रहरा अड्डे के निकट स्थित गोकुलधाम कॉलोनी में आजाद समाज पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य एवं मंडल प्रभारी देवेंद्र बैसला अपने परिवार के साथ रहते हैं। गुरुवार की दोपहर को उन पर कॉलोनी के कुछ दबंगों ने हमला कर दिया मारपीट की। देवेंद्र ने पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को कोतवाली में वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज कुमार से मिला और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। जिला अध्यक्ष मनोज कुमार एडवोकेट, अजब सिंह, राजू खेबान, बंटी भारती, अरविंद कुमार, जसवंत केवट, सत्येंद्र व अन्य शामिल रहे।

# टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत देखी

- विशेष टीम ने धनौरा सीएचसी का किया निरीक्षण
- टीम ने व्यवस्थाओं, दवाओं व स्टाफ की जांच की

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की एक विशेष निरीक्षण टीम ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति जानने और व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया।

निरीक्षण टीम का नेतृत्व गाजियाबाद के जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल यादव और जिला कार्यक्रम समन्वयक राघवेंद्र सिंह चौहान ने किया। टीम ने धनौरा सीएचसी में शासन द्वारा जारी की गई विस्तृत 'चेक लिस्ट' के आधार पर प्रत्येक बिंदु की जांच की।अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, ओपीडी पंजीकरण, मरीजों की संख्या, टीकाकरण अभियान की प्रगति और आपातकालीन सेवाओं की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। डॉ. अनिल यादव ने सीएचसी के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और मरीजों सेचिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। टीम ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल धनौरा सीएचसी तक सीमित नहीं रहेगा। आगामी तीन दिनों तक धनौरा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का भी निरीक्षण करेगी। डॉ. राहुल कुमार, अभिषेक वर्मा, मुस्कान, डॉ. कुलदीप, डॉ. अनामिका, शैली यादव, विनोद कुमार और संदीप सैनी सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।



धनौरा सीएचसी का निरीक्षण करती टीम। • अमृत विचार

## सिटी डायरी



### डीएम और एसपी ने कांवड़ मार्गों का किया निरीक्षण

**संवाददाता, गजरौला,अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनन्द ने कांवड़ के नजदीक आते ही शुक्रवार को गजरौला स्थित कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर कांवड़ियों के सुगम आवागमन एवं यातायात की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी व एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था एवं समुचित प्रबंधों का जायजा लिया। यात्रा मार्गों पर व्यवस्था में जो कमियां पाई गई उसे तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने यातायात डायवर्जन के उपरान्त ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि सीसीटीवी कैमरों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए निगरानी करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी कांवड़ यात्री की तबीयत खराब होती है, तो तत्काल इसका संज्ञान लेकर अतिशीघ्र सहायता उपलब्ध करायी जाएं। कांवडियों की सुरक्षा के लिए कानून व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार को कांवडियों के जाने के मार्ग पर विशेष सर्तकता एवं निगरानी तथा ड्यूटी प्रभावी किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### पटाखा फैक्ट्री में आग

**बिजनौर, अमृत विचार :** एक पटाखा फैक्ट्री आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आगजनी बख्शीवाला स्थित बंदु की रौनक फायरवर्क्स नामक पटाखा फैक्ट्री में हुई। आग लगने के समय फैक्ट्री में कई मजदूर काम कर रहे थे। अचानक तिल्ली बमों में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। भारी संख्या में तिल्ली बमों के साथ-साथ फैक्ट्री में रखी कुर्सियां और मेजें भी जल गईं। कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्रों से आग बुझाने का प्रयास किया। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

### विदाई समारोह आयोजित

**हसनपुर,अमृत विचार :** शुक्रवार को एच.एस.एस. पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं की विदाई समारोह एवं टॉपर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई जिम्मेदारियों के लिए प्रेरित करना तथा उनके शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक योगदान की सराहना करना रहा। प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने कहा कि कक्षा 12 विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है। जो उन्हें आगे के उच्च अध्ययन एवं करियर की दिशा प्रदान करता है। विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### फिजियोथेरेपिस्ट के घर में चोरी का 5 दिन बाद भी खुलासा नहीं

**हसनपुर,अमृत विचार :** फिजियोथेरेपिस्ट के मकान के ताले काटकर नकदी एवं आभूषण चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस 5 दिन बाद भी अंधेरे में तीर चला रही है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी सैंपल सिंह अमरोहा बस स्टैंड चौराहे के निकट किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रहते हैं। रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने बंद मकान के ताले काटकर कमरे में रखी 40 हजार रुपए नगद, एक लैपटॉप, टीवी, चैन, कुंडल, पाज़ेब एवं हार सहित लगभग पांच लाख रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया था। जांच के दौरान पुलिस को एक फुटेज में मुंह पर कपड़ा बांधे हुए तीन आरोपी दिखाई दिए। हालांकि वीडियो इतनी साफ नहीं थी जिसके कारण आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई। चोरी के 5 दिन बाद भी कोतवाली पुलिस खाली हाथ है। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस जांच पड़ताल कर रही है जल्द खुलासा किया जाएगा।

### कोतवाली में वाहनों की नीलामी में मिले 2.55 लाख

**हसनपुर, अमृत विचार :** ऑपरेशन क्लीन 2 के अंतर्गत हसनपुर कोतवाली में 23 मालमुकदमाती वाहनों की नीलामी की गई। नीलामी से जीएसटी सहित 255500 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। एसपह के निर्देश पर गुरुवार की देर शाम को कोतवाली प्रांगण में ऑपरेशन क्लीन 2 के अंतर्गत प्रांगण में खड़े खड़े वाहनों की नीलामी की गई। नीलामी प्रक्रिया पुलिस क्षेत्र अधिकारी पंकज त्यागी, प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह एवं तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव की संयुक्त समिति द्वारा पूरी कराई गई। नीलामी से प्राप्त धनराशि को राजकीय कोषागार में जमा कराया गया है। पुलिस प्रशासन ने इस पहल को थाना परिसरों को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**हसनपुर,अमृत विचार :** प्रदेश स्तरीय टीम ने हसनपुर ब्लॉक स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप का माहौल रहा। शुक्रवार को दो सदस्यीय टीम ने हसनपुर ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण की स्थिति जानी। राज्य स्तरीय टीम में शामिल डिप्टी सीएमओ डॉक्टर जितेंद्र एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुराग भाटी थे जिनका सीएचसी प्रभारी डॉ धुर्वेद्र सिंह ने स्वागत किया। टीम ने ब्लॉक के सभी सेंटरों का निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं का समय से टीकाकरण किया जाए। कुपोषण से बचाव के लिए किए गए इंतजामों की भी टीम के सदस्यों ने जानकारी जुटाई।

## सिटी ब्रीफ

### राम-कृष्ण लीला से श्रद्धालु भावविभोर

चंदौसी। वृंदावन से आए कथा वाचक स्वामी ओमप्रकाश महाराज के सानिध्य में आयोजित कथा के चतुर्थ दिवस पर भक्तिमय माहौल बना रहा। आचार्य कृष्ण पंडित व विप्रजनों द्वारा गौरी एवं नवग्रह पूजन के साथ लड्डू गोपाल का विधिवत अभिषेक और हवन किया गया। राम जन्मोत्सव व विवाह की लीला ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजक उमाकांत शर्मा ने बताया कि कथा प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित की जा रही है।

### प्रबंध समिति के विवाद में दर्ज कराया मुकदमा

संभल/ओबरी, अमृत विचार : इकरोटियां गांव में स्थित मुमताज मॉडर्न सेकेंडरी स्कूल की प्रबंध समिति के विवाद को लेकर अमेरिकी मूल के व्यक्ति हुरमेहंदी ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कहा गया है कि फरहत अब्बास, जब्बाद अब्बास, जासिम अब्बास और मासूम जेहरा ने उनके फर्जी हस्ताक्षर करके उनका त्यागपत्र समिति रजिस्टर्ड कार्यालय में जमा करा दिया। कहा कि जब वह भारत आए तो इन लोगों ने धमकाया कि तुम्हें भारत के अंदर जीने नहीं देंगे।

### युवक ने जहर खाकर जान दी

रजपुरा/गवां, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा गवां में परिजनों से विवाद के बाद एक 22 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए। शुक्रवार सुबह उसने दम तोड़ दिया।

### कार की टक्कर से होमगार्ड दरोगा घायल

संभल/ओबरी, अमृत विचार : अमरोहा के ढकिया चमन गांव निवासी मोहम्मद यूनुस रजबपुर थाने में होमगार्ड दरोगा हैं। शुक्रवार की शाम वह अपनी पत्नी राबिया के साथ राजा गालिबपुर स्थित एक क्लीनिक में दवा लेकर जा रहे थे। एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। मोहम्मद यूनुस गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दरोगा को अमरोहा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### स्कूल के पास खेत में मिला युवक का शव

सैदनगली, अमृत विचार : उझारी में एक निजी स्कूल के पास खेत में एक युवक शव मिला। युवक की पहचान उझारी के मोहल्ला बढ़ वाली मस्जिद निवासी 38 वर्षीय इकबाल पुत्र तौसीफ के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि इकबाल अविवाहित था और मानसिक रूप से परेशान रहता था।

## मतदाता बनने के लिए एक माह में 41,890 ने किया आवेदन

संभल, अमृत विचार : संभल जनपद में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के बीच अभियान के तहत बड़ी संख्या में लोगों ने नया मतदाता बनने के लिए आवेदन किया है। एक माह की अवधि में कुल 41,890 लोगों ने मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 जमा किए हैं। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने को लेकर लोगों में जागरुकता के बीच यह आंकड़ा अभी और बढ़ने के आसार हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि 7 जनवरी 2026 से 5 फरवरी तक मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के कुल 41,890 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं इसी अवधि में फॉर्म-7 यानि नाम विलोपित किए जाने संबंधी आपत्ति के कुल 690 आवेदन जमा किए गए हैं।आवेदनों की जांच के बाद पात्र आवेदकों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं। वहीं फॉर्म-7 पर कार्रवाई तभी की जाएगी, जब आपत्तिकर्ता द्वारा अंडरटेकिंग दी जाएगी और संबंधित बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मौके पर सत्यापन किया जाएगा। बताया कि एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि आगामी चुनावों में कोई भी पात्र नागरिक मतदान से वंचित न रहे और अपात्र नामों को नियमानुसार हटाया जा सके।

### ट्रांसक्रिप्शन आधारित एआई से गवाही वाला प्रदेश का पहला जनपद बना संभल

## जिला न्यायालय में एआई तकनीक से होंगे गवाहों के बयान

- हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

अमृत विचार : प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने जिला न्यायालय संभल स्थित चंदौसी में न्यायिक कार्यवाही को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की गई। उन्होंने गवाहों के बयान रिकॉर्ड करने हेतु ट्रांसक्रिप्शन आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स का विधिवत उद्घाटन किया। इसके साथ ही न्यायालय परिसर में कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेंटर एवं पोस्ट ऑफिस का भी लोकार्पण किया गया।

बताया गया कि जनपद संभल उत्तर प्रदेश का पहला जिला बन गया है, जहां न्यायिक कार्यवाही में इस अत्याधुनिक एआई तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। ट्रांसक्रिप्शन आधारित एआई टूल्स के माध्यम से गवाहों के बयान स्वतः लिखित रूप में दर्ज किए जा सकेंगे, जिससे गवाही दर्ज करने की प्रक्रिया अधिक सटीक, पारदर्शी और प्रभावी होगी।



चंदौसी जनपद न्यायालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसटूल्स का उद्घाटन करते प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल एवं जिला जज डॉ. विदुषी सिंह। ● अमृत विचार

साथ ही न्यायालयों के समय की भी उल्लेखनीय बचत होगी। इस व्यवस्था से मुकदमों के निस्तारण में भी तेजी आएगी। कार्यक्रम के दौरान इस व्यवस्था के शुभारंभ पर खुशी जाहिर करते हुए कहा गया कि प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल का यह अभिनव और सराहनीय प्रयास न्यायिक व्यवस्था को त्वरित, तकनीकी रूप से सशक्त और जनोपयोगी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। अधिवक्ताओं ने भी कहा कि इससे लंबित मामलों के निस्तारण में भी तेजी आने की उम्मीद है। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा मुख्य जनपद न्यायालय, संभल स्थित चंदौसी का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायिक कार्य प्रणाली, अधोसंरचना एवं सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह सहित अन्य न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान न्यायिक व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की इस पहल की सराहना की गई और इसे आम जनता के लिए न्याय सुलभ कराने की दिशा में मील का पत्थर बताया गया।

## प्राथमिक विद्यालय की दीवारों पर धार्मिक पोस्टर पर हंगामा, दो अध्यापक निलंबित

### गांव नगला पूर्वा में प्राथमिक विद्यालय की दीवारों पर पोस्टर देख भड़के संगठनों के लोग, पुलिस से नोकझोंक

- महापुरुषों की तस्वीरों को रस्सी से बांधकर कमरे में रख दिया गया

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

अमृत विचार: चंदौसी अंतर्गत गांव नगला पूर्वा में प्राथमिक विद्यालय की दीवारों पर आयतों वाला पोस्टर व तस्वीरें टांगने को लेकर शुक्रवार दोपहर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची तो कार्यकर्ताओं के साथ नोकझोंक हो गई। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय की इंचार्ज अध्यापक व दूसरे समुदाय के सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया है।

थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के नगला पूर्वा गांव के प्राथमिक परिषदीय विद्यालय में दीवारों पर दूसरे धर्म के पोस्टर व आयतें लिखा फोटो लगे होने की जानकारी पर शुक्रवार दोपहर विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता प्राथमिक विद्यालय में पहुंच गए। देखा कि दीवार पर आयतें और उनसे जुड़ी तस्वीरें टंगी थीं। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, मां सरस्वती, भारत माता, सुभाष चंद्र बोस, रविंद्र नाथ टैगोर सहित अन्य महापुरुषों की तस्वीरों को रस्सी से बांधकर एक कमरे में रख दिया गया था। कार्यकर्ताओं ने आक्रोशित होकर हंगामा खड़ा कर दिया। प्रधान अध्यापिका पुष्पा रानी व सहायक अध्यापक मौहम्मद नाजिम से महापुरुषों की तस्वीरें हटाकर धार्मिक तस्वीरें लगाने को लेकर जवाब मांगा तो वे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाये।

विद्यालय में हंगामे की सूचना मिली तो कुढ़ फतेहगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस कर्मियों ने संगठनों के कार्यकर्ताओं को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया लेकिन कार्यकर्ता अध्यापकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की माग पर अड़ गये। इस दौरान पुलिस के साथ भी कहासुनी और नोकझोंक के हालात बने। हंगामे के बीच ही विद्यालय की एक अध्यापिका ने एआरपी एवं सहायक अध्यापक मोहम्मद नाजिम पर आयतें लिखवाने का आरोप लगाया। प्रधानाध्यापक पुष्पा रानी और सहायक अध्यापक मोहम्मद नाजिम एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर खुद को बचाने का प्रयास करते रहे। मामला बढ़ता दिखा तो पुलिस कर्मियों ने कार्यकर्ताओं से कहा कि तहरीर दें। तहरीर के आधार पर अधिकारियों को अवगत कराने के साथ ही कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। देर शाम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा नेइंचार्ज अध्यापिका पुष्पा रानी व सहायक अध्यापक मौहम्मद नाजिम को निलंबित कर दिया है। कहा कि सभी आरोपों की गहनता से जांच कराई जायेगी।



विवाद के बाद पहुंची पुलिस व इकट्ठा संगठनों से जुड़े लोग। ● अमृत विचार




चंदौसी के नगला पूर्वा परिषदीय विद्यालय की दीवार पर लगी तस्वीरें। ● अमृत विचार

### संगठन बोले, शरिया लागू करने की साजिश

संभल/कुढफतेहगढ़, अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के नेताओं ने आरोप लगाया कि शरिया कानून लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। संगठनों ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान जिला मंत्री विजय चौधरी, राजेश गुप्ता, दीपक कश्यप, दिनेश कुमार, रवि शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे। विहिप कार्यकर्ता आशीष तूफानी ने बताया कि विद्यालय की दीवार पर आयतें लिखी हुई मिलीं। महापुरुषों की तस्वीरें एक कमरे में रस्सी से बंधी रखी थीं। यह बेहद दुखद है कि सरकारी स्कूल में महापुरुषों की प्रतिमाओं को हटाकर रस्सी से बांधकर रख दिया जाये और धार्मिक तस्वीरों को दीवारों पर टांग दिया जाये। साफ जाहिर है कि इसके पीछे बड़ी साजिश है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत दे दी गई है। वहीं विभाग संयोजक सत्संग प्रमुख आचार्य ऋतुपन शर्मा ने कहा कि विद्यालय में आयतें लगाए जाने का संगठन द्वारा विरोध किया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## ...तेरे चराग से कितने चिराग जलते हैं



मुशायरे के दौरान अपने कलाम पेश करते शायर। ● अमृत विचार

- खलीलुर्रहमान खान की याद में मुशायरा का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: संभल में गुरुवार की रात खलीलुर्रहमान खान की स्मृति में मुशायरे का आयोजन किया गया। यह साहित्यिक आयोजन नासिर मंसूरी उत्तर प्रदेश उर्दू एकेडमी एवं आयशा विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

मुशायरे की शमा रोशन तरन्नुम अकील पूर्व चेयरपर्सन उत्तर प्रदेश उर्दू एकेडमी ने की। संरक्षक की भूमिका पूर्व मंत्री एवं विधायक अकीलुर्रहमान खां ने निभाई। संचालन सैय्यद हाशिम ने किया। मुशायरे की शुरुआत नात-ए-पाक से हुई, जिसे प्रसिद्ध शायर डॉ. शाकिर हुसैन इस्लाही ने पेश किया। जहीर राही ने कहा-ऐश-ओ-इशरत नहीं तो जर क्या है , शर नहीं है तो फिर बशर क्या है। अब्दुल हमीद तारिक लालपुर ने कहा-पलट के देख उजाला है दूर तक तारिक, तेरे चराग से कितने चिराग जलते हैं। जमशेद माहिर हापुड़ी, इकरार अगवानपुरी, रतनपुरी, याकूब राज, जर्रार अमरोही और निसार मुरादाबादी सहित अन्य शायरों ने अपने असरदार और भावपूर्ण अशआर से मुशायरे को ऊंचाई प्रदान की। मुख्य अतिथि राकेश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि मुशायरा किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह समाज को जोड़ने वाली तहजीबी जबान है, जो प्रेम, सौहार्द और आपसी समझ को बढ़ावा देती है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

अमृत विचार: संभल प्रशासन, बेसिक शिक्षा विभाग एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में देश के पांच राज्यों से लगभग एक हजार शिक्षकों ने सहभागिता की।

जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि शिक्षा का पुनरुत्थान समय की आवश्यकता है। उन्होंने पुनरुत्थान विद्यापीठ का परिचय देते हुए बताया कि संस्थान तीन मूल सूत्रों शिक्षा की स्वायत्तता, शिक्षा का पूर्णतः भारतीय स्वरूप और शिक्षा का अर्थ-निरपेक्ष होना, पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा को 'अ-भारत' से 'भारत' बनाने के लिए शिक्षकों को स्वाध्याय, साधना और गहन अध्ययन के मार्ग पर अग्रसर होना होगा। उन्होंने जनपद संभल में संचालित पीएम श्री विद्यालयों का उदाहरण देते हुए आधारभूत संरचना, गुरुजनों के सम्मान और शिक्षण प्रक्रिया में भारतीय ज्ञान परम्परा के समावेश की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा अर्थकारी होने के साथ-साथ अर्थ-निरपेक्ष भी होनी चाहिए तथा निशुल्क और भेदभाव रहित शिक्षा समाज का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने क, ख, ग, घ मिशन की जानकारी देते हुए बताया कि कहानी व कल्पना शक्ति, खेल व खिलौने, गीत व गतिविधि तथा विद्यालय में घर जैसा वातावरण बच्चों की रुचि को स्वाभाविक रूप से जागृत करता है, जिससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास बेहतर होता है।




अतिथियों का स्वागत करते जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया व बीएसए अलका शर्मा।

- भारत को जानो, भारत को मानो और भारतीय बनो के मंत्र से होगा भारतीय शिक्षा का पुनर्स्थापन: डॉ. इंदुमती

मुख्य अतिथि गुजरात के अहमदाबाद स्थित पुनरुत्थान विद्यापीठ कर्णावती की कुलपति डॉ. इंदुमती काटदरे ने दो सत्रों में शिक्षकों को संबोधित करते हुए भारतीय शिक्षा के पुनर्स्थापन हेतु "भारत को जानो, भारत को मानो और भारतीय बनो" का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय शास्त्रों में समग्र विश्व ज्ञान निहित है। पुनरुत्थान विद्यापीठ द्वारा भारतीय शास्त्रों और इतिहास पर शोध के उपरांत 1051 ग्रंथों का निर्माण किया गया है, जिन्हें सरल भाषा में आमजन के लिए उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा को स्वायत्त और स्वतंत्र बनाने के लिए शिक्षकों, शिक्षाविदों और समाज को एकजुट होकर कार्य करना होगा। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों व शिक्षाविदों ने विषय पर गहन मंथन किया और भारतीय ज्ञान परम्परा को शिक्षा के केंद्र में स्थापित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के संयोजक टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा रहे। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अलका शर्मा ने समन्वय एवं मार्गदर्शन किया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट का विशेष सहयोग रहा। संचालन शालिनी सक्सेना ने किया। पुनरुत्थान संभल केंद्र के कार्यकर्ताओं हर्षित भारद्वाज, प्रशांत यादव, भुवी शर्मा, अनुराग सक्सेना, सारिका कपूर, नितिन कुमार गुप्ता, रीनू बंसल, अलका सिंह, विनीता सक्सेना, बृजेश, सचिन सत्यार्थी, सुमित कुमार की सक्रिय भूमिका रही।

## सिटी डायरी

### जीएसटी छापेमारी को लेकर राज्य मंत्री के हस्तक्षेप से निकला समाधान

चंदौसी, अमृत विचार : गुरुवार को जीएसटी विभाग की छापेमारी के मामले में व्यापारियों के आंदोलन को देखते हुए राज्य मंत्री गुलाब देवी ने व्यापार मंडल तथा जीएसटी अधिकारियों के बीच संवाद स्थापित कराया। मंत्री की मौजूदगी में हुई बैठक में छापेमारी की प्रक्रिया को लेकर कई अहम सहमतियां बनीं। तय किया गया कि भविष्य में जब भी किसी दुकान पर छापेमारी होगी, उस समय संबंधित दुकानदार के परिवार के दो सदस्य मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही व्यापार मंडल के प्रतिनिधि भी मौके पर रहेंगे, जिससे पूरी कार्रवाई पारदर्शी बनी रहे। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जीएसटी अधिकारी किसी भी व्यापारी के साथ अभद्र व्यवहार नहीं करेंगे और नियमों के तहत ही कार्रवाई की जाएगी। राज्य मंत्री के हस्तक्षेप से बने समाधान पर व्यापारियों ने संतोष जताया और आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया। शुक्रवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारी राज्य मंत्री के आवास पर पहुंचे और फूल-माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनका आभार व्यक्त किया। अनुज वार्ष्णेय, शाह आलम मंसूरी, प्रेम ग्रोवर, मनतेश वार्ष्णेय, देवेंद्र मोनू, अमित पाठक, मोहित सक्सेना, शुभम अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### रूही बन समरीन ने अंकित के साथ लिए सात फेरे

संभल, अमृत विचार : हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव नवाड़ा निवासी युवती समरीन ने हिंदू युवक अंकित से प्रेम किया तो दोनों को परिवार, समाज और कानून की जटिलताओं का सामना करना पड़ा। विरोध, दबाव और कानूनी प्रक्रिया के बीच कई महीनों तक संघर्ष करने के बाद अदालत के आदेश पर दोनों ने विवाह कर लिया। विवाह के बाद समरीन ने अपना नाम बदलकर रूही रख लिया और अंकित के साथ नई जिंदगी की शुरुआत की। गांव नवाड़ा निवासी समरीन और अंकित एक ही स्कूल में पढ़ते थे। पढ़ाई के दौरान दोनों की दोस्ती हुई, जो धीरे-धीरे प्रेम में बदल गई। करीब दो वर्ष पहले दोनों ने एक-दूसरे के साथ जीवन बिताने का निर्णय कर लिया। हालांकि, धर्म अलग होने के कारण दोनों के रिश्ते को परिवार और समाज की स्वीकृति नहीं मिली। 26 जनवरी को समरीन सीधे अंकित के घर पहुंच गई। उसने साफ शब्दों में कहा कि अब वह उसी के साथ जीवन बिताना चाहती है। समरीन के परिजन पुलिस के साथ अंकित के घर पहुंचे। पुलिस ने दोनों को थाने ले जाकर पूछताछ की और बाद में अदालत में पेश किया। अदालत में समरीन और अंकित दोनों ने स्वयं को बालिग बताया और अपनी मर्जी से साथ रहने की इच्छा जाहिर की। अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद दोनों को विवाह करने की अनुमति दी। इसके बाद दोनों ने विवाह किया। अंकित की मां ने कहा कि परिस्थितियां अब यहां तक पहुंच चुकी हैं, इसलिए वे चाहती हैं कि अंकित और रूही का जीवन शांतिपूर्वक और सम्मान के साथ आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि उनका परिवार अब इस रिश्ते को स्वीकार करता है और दोनों के सुखद भविष्य की कामना करता है।



### रमजान में लाउडस्पीकर की मांग

संभल, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खां के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने रमजान माह में रोजेदारों की सुविधा के लिए लाउडस्पीकर की अनुमति व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की मांग रखी। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। फिरोज खां ने कहा कि रोजेदारों को सहरी और इफ्तार की सूचना देने के लिए लाउडस्पीकर की आवश्यकता रहती है। होली और रमजान एक ही समयावधि में पड़ रहे हैं, ऐसे में सौहार्द बनाए रखने के लिए व्यवस्थाएं कराई जाएं। मेहरजान, आमिर हुसैन, बदरूल हसन, आरिफ खां, सलीम अली, जान वारिस अहमद, मो. शान, मोनिस कुरैशी, जाहिद खां, बिलाल खां, अज़मत खां व अन्य लोग मौजूद रहे।



### सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने की वित्त मंत्री से मुलाकात, एम्स की मांग

संभल, अमृत विचार : सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर संभल अथवा मुरादाबाद जनपद में एम्स की मांग रखी। सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने वित्त मंत्री नेअनुरोध पत्र में कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आबादी अत्यंत घनी है। यहां उन्नत तृतीयक स्वास्थ्य सुविधाओं का गंभीर अभाव है। दिल्ली, लखनऊ या अन्य बड़े महानगरों की ओर रुख करना पड़ता है। उन्होंने आग्रह किया कि प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान संभल या मुरादाबाद में स्थापित किया जाए। इससे लाखों लोगों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। कहा कि यह क्षेत्र सड़क, रेल और अन्य बुनियादी सुविधाओं की दृष्टि से भी उपयुक्त है, जिससे एम्स की स्थापना व्यावहारिक और प्रभावी साबित होगी। सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने बताया कि वित्त मंत्री ने आश्वासन दिया कि एम्स के लिए स्थान चयन से जुड़े सभी पहलुओं पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने उम्मीद जताई कि यदि एम्स की स्थापना इस क्षेत्र में होती है तो यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे में एक ऐतिहासिक बदलाव साबित होगी।

## पावर हाउस कॉलोनी में एक प्लॉट में गोकशी से हड़कंप

- पुलिस ने गोमांस, पशुवध में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए

संवाददाता, चंदौसी

अमृत विचार: चंदौसी कोतवाली क्षेत्र में बदायूं चुंगी फाटक के निकट पावर हाउस कॉलोनी स्थित एक प्लॉट में गो तस्कर गाय की खाल उतारकर मांस निकाल रहे थे। पुलिस ने घटनास्थल से कटी हुई गाय और पशुवध में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

शुक्रवार दोपहर किसी राहगीर ने खाली प्लॉट में गो तस्करों को गाय की खाल उतारते देखा और आसपास के लोगों को सूचना दे दी। लोग जुट गए और हंगामा हो गया। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। कुछ ही देर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता और कौशल किशोर 'वंदे मातरम्' भी पहुंचे। पुलिस ने मृत गाय को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। विहिप की ओर से चंदौसी पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई है कि गाय की मृत्यु लगभग 14 घंटे पहले निमोनिया से हुई थी। इसके बाद कुछ लोग मृत गाय की खाल और मांस निकाल रहे थे। ऐसे सभी लोगों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## यूजीसी नियमों के विरोध में करणी सेना का प्रदर्शन

संभल/बहजोई, अमृत विचार: विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रस्तावित नियमों में संशोधन की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।

वक्ताओं ने यूजीसी नियमों का विरोध करते हुए शिक्षा मंत्री के इस्तीफा की मांग की। राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में मांग की कि बिल में संशोधन किया जाए और समिति में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व हो। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष बिट्टू ठाकुर, धूम सिंह तोमर, विनय राघव, शिव चौहान, निगम सिसोदिया, जितेंद्र प्रताप सिंह, सचिन राघव, विशाल चौहान, वीरेंद्र प्रताप सिंह, विकास शर्मा, रजत रघुवंशी, सुमित, शिवम राघव एवं विकास तोमर सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नकल कराने पर एनएसए के तहत होगी कार्रवाई

- माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने दी चेतावनी, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण स्कूली बच्चों ने देखा। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि किसी ने नकल कराने का प्रयाय किया तो एनएसए के तहत कार्रवाई होगी।

चंदौसी में बीएमजी इंटर कॉलेज में टीवी पर कार्यक्रम को माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने छात्र-छात्राओं के साथ देखा। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि परीक्षा जीवन का एक पड़ाव है, इसे धैर्य और आत्मविश्वास के साथ देना चाहिए। उन्होंने सख्त शब्दों में चेतावनी दी कि परीक्षा में नकल कराने या करवाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी, एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा और जेल भी भेजा जाएगा। मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर परीक्षा देने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने समय का सही उपयोग करना चाहिए और 24 घंटे में से कम से कम 12 घंटे पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही अपने भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए शांत मन से परीक्षा देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बार की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर पहले की तुलना में बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं।

